डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
03 अक्टूबर 2023 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
33 अधिकतम
20 न्यूनतम




Page- 7



## भोपाल में जमीन पर उतरा ख्वाब, पटरियों पर दौड़ी मेट्रो, पहले सफर में मुसाफिर बने सीएम शिवराज बोले...

# असमानता की सभी खाईयों को पाट देगी मेट्रो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राज्य सरकार के एक महत्वपूर्ण ख्वाब को आज धरातल पर उतार दिया गया। भोपाल में मेट्रो ने आज पटरियों पर फर्राटा भरा। सीएम शिवराज सिंह चौहान इसमें सवार होकर सुभाष नगर से आरकेएमपी स्टेशन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेट्रो असमानता की सभी खाईयों को पाट देगी, इसमें सवार सभी वर्ग के लोग एक समान नजर आएंगे। भोपाल का प्रोजेक्ट 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। मेट्रो परियोजना यहीं नहीं रुकेगी बल्कि अन्य शहरों में भी इसका विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि भोपाल में मेट्रो को पटरियों तक लाने के लिये रिकार्ड समय में स्टेशन बनाने,पटरियां बिछाने आदि का काम किया गया है। इसके लिये सीएम ने मनीष सिंह समेत सभी अफसरों को बधाई दीं।

इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज ने न सिर्फ मेट्रो को हरी झंडी दिखाई बल्कि उसमें सवार भी हुए। मेट्रो का सुभाष नगर स्टेशन से आरकेएमपी स्टेशन के बीच उन्होंने भाजपा सरकार के मंत्रियों विधायकों व अफसरों के साथ सफर किया। बताया जाता है कि इस रूट पर आम आदमी का सफर अगले जून तक शुरू हो पाएगा। ट्रायल रन के दौरान केंद्रीय स्कूल, डीबी मॉल और एमपी नगर स्टेशन भी आए।

इस बीच भोपाल मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर सुभाष नगर स्टेशन पर उत्सव का माहौल रहा। यहां स्कूल-कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी बुलाया गया। साथ ही मेट्रो को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचें। उल्लेखनीय है कि गुजरात के सांवली (वडोदरा) से करीब 850 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद 17 सितंबर की रात में मेट्रो के कोच भोपाल लाए गए थे। 18 सितंबर को उन्हें डिपो में बने इंस्पेक्शन बे लाइन पर लाया गया था। इसके बाद सीनियर इंजीनियर्स, टेक्निकल एक्सपर्ट्स, सुपरवाइजर सहित 50 से ज्यादा लोगों की टीम कोच को कनेक्ट करने और उनकी टेस्टिंग में लगी थी। 8 दिन यह काम करने के बाद 26 सितंबर को मेट्रो ट्रैक पर चलाकर देखी गई थी। 6 दिन तक मेट्रो को कई बार ट्रैक पर लाया गया। सोमवार को भी मेट्रो को ट्रैक पर चलाकर देखा गया था।

*मेट्रो लोकर्पण समारोह में सीएम*





*मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज समस्त कमिश्नर्स तथा कलेक्टर्स से मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।*

**गड्ढों वाला मध्यप्रदेश अब मेट्रो वाला**

सीएम शिवराज ने कहा, मैं बचपन से भोपाल आता था। पहले यहां तांगा चलता था। तब छोटा सा भोपाल था। तांगे वाला भोपाल कहा जा सकता है। तांगे से आगे बड़े तो भट्ट सूअर आए। इसके बाद छोटे ऑटो आएं। टैक्सियां चलीं। फिर स्मार्ट बस चलीं। अब हम सफर तय कर रहे हैं तांगे से लेकर मेट्रो तक का। पहले हमारा मजाक उड़ाते थे कि कहां मेट्रो चलेगी, लेकिन जो हमने कहा था वो किया। पहले गड्ढों वाले मध्यप्रदेश से मेट्रो वाला हो गया है।अब मेट्रो यहीं नहीं रूकेगी। इसका विस्तार कर मंडीदीप भी ले जाएंगे, इसके बाद सीहोर और विदिशा भी ले जाएंगे।






## भारत ने कनाडा से कहा- 40 राजनयिकों को वापस बुलाएं

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत का कनाडा के साथ जारी राजनयिक विवाद गहराता दिख रहा है। दरअसल भारत सरकार ने कनाडा से कहा है कि वह अपने 40 से ज्यादा राजनयिकों को वापस बुलाए। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कनाडा के भारत में अभी 62 राजनयिक काम कर रहे हैं। भारत ने अब कनाडा से उसके 41 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत में कनाडा के राजनयिक स्टाफ, भारत के कनाडा में मौजूद राजनयिक स्टाफ से बड़ा है और इसमें समानता होनी चाहिए। बता दें कि भारत और कनाडा के आपसी रिश्ते इन दिनों सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।



## मालदीव राष्ट्रपति ने चीन का राग अलापना शुरू किया

**नई दिल्ली एजेंसी।** चुनाव जीतने के बाद ही मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत विरोधी रुख दिखाना शुरू कर दिया है। चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव से भारतीय सेना को हटाने की बात दोहराई है। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यकाल के पहले ही दिन से मालदीव की धरती से विदेशी सैनिकों (भारतीय) को हटाने के प्रयास शुरू करेंगे। जबकि पूर्व राष्ट्रपति सेना की तैनाती के पक्ष में थे। ज्ञात हो कि हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार मोहम्मद मुइज्जू ने 53 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करके जीत हासिल की, वे चीन समर्थक माने जाते हैं। उन्होंने इस चुनाव में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के उम्मीदवार और भारत समर्थक मौजूदा राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया।



## साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपियों के बयान दर्ज

**नई दिल्ली।** मालेगांव 2008 विस्फोट मामले में सीआरपीसी 313 के तहत सभी आरोपियों के बयान दर्ज किए गए हैं। आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, समीर कुलकर्णी, अजय रहीरकर, सुधाकर धर द्विवेदी और सुधाकर चतुर्वेदी एनआईए कोर्ट पहुंचे हैं। विशेष एनआईए अदालत द्वारा सीआरपीसी 313 के तहत साध्वी प्रज्ञा सिंह और अन्य आरोपियों के बयान दर्ज किए गए हैं। इस मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह आरोपी नंबर एक हैं। कोर्ट ने बयान शुरू करने से पहले सभी आरोपियों को निर्देश दिए। अभी तक कुल 323 बयान दर्ज किए जा चुके हैं। साथ ही, 115 गवाह सभी आरोपियों के लिए समान हैं। कोर्ट ने कहा कि यह बयान कोई शपथ बयान नहीं है, बल्कि इसे मामले में आगे जांच के काम आ सकता है।

वहीं, विशेष एनआईए अदालत ने आरोपियों के उस आवेदन को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने अदालत द्वारा उनके मौखिक बयान दर्ज करने से कुछ समय पहले प्रश्नावली की एक प्रति देने की मांग की थी। अदालत ने सीआरपीसी की संशोधित धारा 313 (5) के तहत इस आवेदन को स्वीकार कर लिया है।

## मोदी को मिले गिफ्ट की नीलामी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश या विदेश में जाते हैं, तो उन्हें उपहार में कई चीजें मिलती हैं। इनमें सुंदर पेंटिंग्स, स्मृति चिह्न समेत कई सामान होते हैं। अब ऐसे ही 912 गिफ्ट्स की नीलाम किए जा रहे हैं और इनकी ई-नीलामी कल ही शुरू की गई है। संस्कृति मंत्रालय की ओर से इस नीलामी के संबंध में कहा गया है कि इसमें हिस्सा लेने के लिए 31 अक्टूबर 2023 तक का ही मौका है।

उल्लेखनीय है कि पीएम को मिले गिफ्ट्स इसी प्रोसेस से साल 2019 से नीलाम किए जा रहे हैं और ये नीलामी श्रृंखला का पांचवां संस्करण है। इनमें से कुछ उपहारों को यहां राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में प्रदर्शनी के लिए रखा गया है। नीलामी के लिए रखे गए सामानों में गुजरात के मोढेरा सूर्य मंदिर और चित्तौड़गढ़ के विजय स्तंभ की प्रतिकृतियां और वाराणसी के एक घाट की पेंटिंग समेत पारंपरिक अंगवस्त्र, शॉल, हेडगियर और औपचारिक तलवारें भी शामिल हैं। वहीं खुद पीएम मोदी ने ट्विटर (एक्स) पर एनजीएएम प्रदर्शनी की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने लिखा है कि भारत में अनेक कार्यक्रमों में मुझे दिए गये ये गिफ्ट भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और कलात्मक धरोहर का प्रमाण हैं. उन्होंने आगे लिखा कि हमेशा की तरह, इन उपहारों की नीलामी से होने वाली आय नमामि गंगे परियोजना के लिए दी जाएगी।




## न्यूजक्लिक पर छापेमारी तीन पत्रकारों से पूछताछ

**नई दिल्ली एजेंसी।** आज सुबह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी व उससे सटे एनसीआर में न्यूज क्लिक वेबसाइट के पत्रकारों के ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई फॉरेन फंडिंग के मामले में यूएपीए के तहत हो रही है। आरोप है कि इसमें चीन की कंपनियों का पैसा लगा है। स्पेशल सेल ने एक साथ दिल्ली, नोएडा, गजियाबाद में रेड मारी है। बताया जा रहा है कि छापामार कार्रवाई 30 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ चल रही है, कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है, जिन्हें स्पेशल सेल लाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हिरासत में लिए गए पत्रकार उर्मिलेश और सत्यम तिवारी के वकील स्पेशल सेल के दफ्तर पहुंच गए हैं। जबकि वरिष्ठ पत्रकार अभिसार शर्मा को भी दिल्ली पुलिस की स्पेशल लेकर गई है। इससे पहले शर्मा ने लिखा है कि दिल्ली पुलिस मेरे घर पहुंची। मेरा लैपटॉप और फोन ले गई इसके अलावा हार्ड डिस्क का डेटा भी लिया गया है।



**इतिहास से भविष्य की ओर...** स्टेट मीडिया सेंटर में तब्दील होने की तरफ बढ़ा पत्रकार-भवन

# एक जमींदोज इमारत का नया सफर



नजरिया
आशीष दुबे

ईंट पत्थर से बनी इमारतों की भी *सदाएं* होती हैं, इमारतें पुरानी होती हैं तो इसके बरामदों में इतिहास चहलकदमी करता है। नई होती हैं तो इसमें 'जान' डालनी पड़ती है। आज भोपाल का पत्रकार भवन रूपांतरण यानि ट्रांसफॉर्मेशन कर रहा है। कुछ महीनों बाद पुराने भवन के मलबे पर नया भवन दिखेगा। पुराने पत्रकार भवन के सुनहरे दौर में मीटिंग, ब्रीफिंग, प्रेस कांफ्रेंस, विमर्श, मंत्री-विधायकों की ऑफ द रिकार्ड गपशप और महफिलों से लेकर गहरे मतभेद और मुकदमेबाजियां तक थीं, बावजूद यह साठ के दशक से ही सूबे के पत्रकारों का हमेशा 'अभयारण्य' रहा। नये स्टेट मीडिया सेंटर में क्या होगा? जाहिर है कि अब सरकार की जिम्मेदारी है कि नया भवन आधुनिकताओं के फेर में पुरानी परंपराएं और माहौल न खो बैठे। दरअसल, आज जब नये भवन की बुनियाद रखी गई है तो पुराना भवन भी पत्रकारों के जेहन में ताजा है। सवाल फिर उमड़ रहे हैं कि उस भवन का क्या दोष था जो बेरहम सरकारी जेसीबी-बुलडोजरों तले रौंदा गया। तब वहां वह चेहरे नहीं थे जो अब इकट्ठा हैं। चार साल पहले जब कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने इसे ढहाया तो इसके पीछे विचार प्रबल था या दबाव ? क्योंकि यह तो 2013 से 2018 तक की शिवराज सरकार पर भी रहा होगा, मगर उसने ऐसा नहीं किया व अब नई शुरुआत की। इसलिए यह सवाल भी बाकी ही रहेगा कि भवन मुकदमों के बोझ से चरमराया था, या तब सरकार ने ठान लिया था? सीएम हाउस का रिनोवेशन करने वाली वह सरकार क्यों पुराने भवन को नया स्वरूप नहीं दे सकी?

वैसे, उस भवन व खबरपालिका की हालत मेल खाती थी,क्योंकि वह भी बाहर से कभी-कभी कुछ कमजोर जरूर लगता था लेकिन अंदर से सख्त था। तभी तो इसे तोड़ते वक्त दो जेसीबी मशीनों के 'पंजे' टूट गए, अब भी इसकी 'आंतरिक मजबूती' बनी रहे यही खबर-पालिका की अंदरूनी तासीर की जीत होगी। बहरहाल, पुनर्निर्माण के साथ भवन का 'एंबिएंस' लौटने का गुरुतर दायित्व भी सरकार का है। उम्मीद ही की जा सकती है कि नया भवन व्यवसायिक तकाजों और अत्यधिक सरकारी अंकुशों से मुक्त *पत्रकार-अभयारण्य* ही रहेगा।



# नाराजगी : निगम कर्मियों के वेतन से काटे गए 44 करोड़ रुपए




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नगर निगम कर्मियों के वेतन से 44 करोड़ रुपये अब तक उनके पीएफ खाते में नहीं पहुंचने का मामला गरमा रहा है। यह राशि पूर्व के वर्षों में काटी गई, लेकिन जमा नहीं की गई। इस बात से कर्मचारी नाराज है और इसकी शिकायत नगरीय प्रशासन आयुक्त भरत यादव से की गई है। बताते हैं कि उन्होंने निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. को पत्र लिखकर उन्होंने कर्मचारियों के वेतन से काटी गई, राशि तुरंत उनके खातों में जमा करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम भोपाल में 11 हजार से अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है। इनके खातों से हर महीने राशि काटने और इसे भविष्य निधि कार्यालय में जमा न करने की बात कही गई थी।

जिसकी शिकायत नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने की थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016-17 से वर्ष 2021-22 तक लगभग 44 करोड़ 37 लाख रूपए की राशि भविष्य निधि कार्यालय में नगर निगम ने जमा नहीं की है। नगरीय प्रशासन कमिश्नर को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि हर महीने कर्मचारियों के वेतन से 12 प्रतिशत राशि काटी जा रही है। ताकि रिटायर्डमेंट या तीज-त्यौहारों पर कर्मचारी यह राशि निकाल सकें। लेकिन आवेदन करने पर कर्मचारियों को पता चलता है कि उनके खाते में निगम ने डाली ही नहीं है।

### बीआरसी को 15 दिन के भीतर करना होगा स्कूल का भौतिक सत्यापन

# 8वीं तक के स्कूलों की नवीन मान्यता व नवीनीकरण के लिए 5 से होंगे आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सत्र 2024-25 के लिए कक्षा आठवीं तक के निजी स्कूलों की नवीन मान्यता और नवीनीकरण को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए 5 अक्टूबर से आवेदन शुरू होंगे। अंतिम तारीख 20 अक्टूबर तय की गई है। यह आवेदन आरटीई एमपी मोबाइल एप् के माध्यम से होंगे।

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों की नवीन मान्यता और नवीनीकरण इसके लिए समय सारणी जारी की है। जिसके आवेदन के बाद 15 दिन के भीतर बीआरसी द्वारा स्कूल का भौतिक सत्यापन कर निरीक्षण रिपोर्ट जिला परियोजना समन्वयक को सौंपनी होगी। जिला परियोजना समन्वयक द्वारा मान्यता आवेदन के प्रकरणों का निराकरण 20 नवंबर तक किया जाएगा। ऑनलाइन मान्यता प्रक्रिया को मोबाइल एप् के माध्यम से कराए जाने की व्यवस्था है, ताकि निजी संस्थाओं के संचालक स्वयं मोबाइल का उपयोग करते हुए मान्यता नवीनीकरण , नवीन मान्यता के लिए आवेदन कर सकें। इसके माध्यम से सहज एवं साक्ष्य आधारित मान्यता आवेदन करने तथा मान्यता आवेदनों के निराकरण की व्यवस्था की गई है।

### सत्र 2024-25 के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने शुरू की तैयारी, डीपीसी को जाएगी रिपोर्ट



### जीईओ टैग फोटो जरूरी

राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आरटीई के मान एवं मानकों की पूर्ति होने तथा निजी स्कूल भवन, कार्यरत शिक्षकों तथा स्कूल में आवश्यक संसाधनों की जीईओ टेग फोटो अपलोड करना अनिवार्य है।

### कलेक्टर व आयुक्त को कर सकेंगे अपील

जिला परियोजना समन्वयक द्वारा मान्यता आवेदन निरस्ती के 30 दिन के भीतर संबंधित स्कूल कलेक्टर के समक्ष अपील कर सकेंगे। जिसका निराकरण कलेक्टर द्वारा 30 दिन के भीतर किया जाएगा। इसके बाद आयुक्त एवं संचालक राज्य शिक्षा केंद्र के समक्ष अपील का विकल्प भी संस्थान के पास रहेगा।

# एम्स में अत्याधुनिक पीडियाट्रिक ट्रॉमा इमरजेंसी सेंटर, कम समय में मिलेगा अच्छा इलाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स भोपाल में अत्याधुनिक पीडियाट्रिक ट्रामा इमरजेंसी सेंटर तैयार किया है। इसमें कम से कम समय में अच्छा इलाज मिलेगा। यह इलाज 18 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को मिलेगा। कुछ दिन पूर्व ही इसी तरह का सेंटर हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग में भी तैयार किया गया था। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। इसमें भी दावा किया था कि दुर्घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों को पहले इलाज मिलेगा, उसके बाद पर्चा बनाने की जरूरत पड़ेगी। कुछ इस तरह का सेंटर यह भी होगा। लेकिन इसमें बच्चों के इलाज की अच्छी सुविधा होगी, जबकि हमीदिया में सभी आयु वर्ग के मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

**एम्स ने तैयार किए प्रोटोकाल:** संचालन के लिए बनाई गई एसओपी पर शनिवार को विचार मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें अमेरिका से डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि समेत देश के अलग-अलग राज्यों के पीडियाट्रिक विशेषज्ञ शामिल हुए है। एम्स में मौजूदा पीडियाट्रिक कैजुअल्टी ट्रामा सेंटर को 4 से बढ़ाकर 10 बेड रिजर्व किए जाएंगे। कैजुअल्टी से पीडियाट्रिक ट्रामा की टीम निगरानी करेगी। यहीं टीम तय कर सकेगी कि बच्चे को सर्जिकल स्थिति में लेना है या मेडिकल। इसी के आधार पर आगे के इलाज के लिए संबंधित पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट में बच्चे को भेजा जाएगा।

### 10 बिस्तर का होगा यह सेंटर



# 'मेरे झरोखे से' में अगनानी के जीवन पर वक्तव्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी भाषा के वरिष्ठ लेखक नाटककार कार्टूनिस्ट और कुशल संगठन स्व.सुंदर अगनानी के जीवन पर संडे की शाम साहित्य अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने व्याख्यान का आयोजन किया। रविंद्र भवन में राष्ट्रीय सिंधी नाटक समारोह के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत डॉ कमला गोकलानी के वक्तव्य से हुई। साहित्य अकादमी भारत सरकार के सिंधी भाषा के सलाहकार बोर्ड के सदस्य अशोक मनवाणी ने अकादमी की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर मोहन गेहानी ने डॉ कमला गोकलानी का साहित्यिक परिचय दिया। डॉ कमला गोकलानी ने कहा सुंदर अगनानी ऐसे व्यक्तित्व का नाम है जो एक साथ अनेक खूबियां समेटे हुए थे। उन्होंने लेखन में कई प्रयोग किए। उनकी बीस कृतियां प्रकाशित थीं जिनमें कार्टून कला पर पांच पुस्तकें भी शामिल हैं।

सिंधी रंग समूह ने नाट्य समारोह में आए निर्देशकों श्री प्रेम प्रकाश अहमदाबाद,



जूली तेजवानी मुंबई नीरू असरानी मुंबई, अशोक बुलानी, भोपाल और नंदिनी पंजवानी जयपुर का सम्मान भी किया। श्रीचंद माखीजा की अनुपस्थिति में मुंबई के रंगमंच कलाकारों ने प्रथम सुंदर अगनानी कला सम्मान ग्रहण किया। प्रशस्ति पत्र का वाचन अशोक मनवानी ने किया।

### संतनगर में 10 दिनी रोग निवारण-प्रशिक्षण शिविर शुरू

# प्राकृतिक चिकित्सा में साधक सीख रहे हमेशा स्वस्थ रहने की कला

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में रविवार को दस दिवसीय शिविर की शुरूआत हुई, जिमसें देश के विभिन्न हिस्सों से साधकगण अपक्काहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से स्वास्थ्य संबंधी टिप्स और परेशानी से राहत की उम्मीद लेकर आए हैं।

शिविर की शुरूआत पंजीयन एवं प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा परामर्श के साथ हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलाब राय टेवानी ने व्याख्यान दिया। टेवानी ने कहा, दवा



रहित समाज का निर्माण करने के उद्देश्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आप अपने शरीर का शुद्विकरण कैसे करें वो सीखेगें। शरीर का शुद्विकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही ÷रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर÷ रखा गया है। शिविर के दौरान प्राकृतिक चिकित्सकों एवं व्याख्यान कर्ताओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर सुबह-शाम व्याख्यान सत्र होंगे। साधकों की शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा।

# सिंधी सहकारी समिति ने ऋण सीमा बढ़ाई, अब दो लाख लोन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत साख सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा हुई, जिसमें ऋण सीमा बढ़ाने, ऋणी का बीमा कराने और शिक्षा के लिए भी दो लाख तक का ऋण देने के निर्णय लिए गए। सिंधी सेन्ट्रल पंचायत साख सहकारी समिति मर्यादित की दूसरी वार्षिक आम सभा



सिंधी कम्यूनिटी हाल प्रभुनगर, नानक टेकरी पर हुई, जिसमें संस्था के अध्यक्ष बलदेव खेमानी ने सालाना लेखा-जोखा पेश किया। संस्था की नयी सदस्यता प्रारंभ करने के साथ ही कई अहम फैसले लिए गए। तय किया गया कि ऋण सीमा को बढ़ाकर दो लाख रुपये किया जाएगा। रोजगार के अलावा शिक्षा के लिए भी यही सीमा रहेगी। यह भी निर्णय लिया गया कि ऋणी का जीवन बीमा कराया जाएगा, ताकि ऋणी की मृत्यु की दशा में ऋण की राशि का बोझ उसके परिवार पर न आए । घरेलू उद्योगों के लिए लोन और उनके उत्पाद बेचने की व्यवस्था भी संस्था ने अपने स्तर पर करने का निर्णय लिया । भोपाल की सभी सिंधी मोहल्ला पंचायतें इसमें संस्था का सहयोग करेंगी । घरों में समाज की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पाद को संस्था अपना नाम देकर, अच्छे दामों में उसकी बिक्री की व्यवस्था करेगी ।

# आशाराम आश्रम में सेवा समितियों का सम्मेलन

**हिरदाराम नगर।** संत आशारामजी बापू आश्रम गांधीनगर में 11 जिलों की सेवा समितियों का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सीहोर, विदिशा, नर्मदापुरम, रायसेन, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, अशोक नगर एव गुना से कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन योग वेदांत सेवा समिति ने किया था। मुख्य कार्यक्रमों में ऋषि प्रसाद आध्यात्मिक पत्रिका द्वारा जन समाज को लाभ दिलाना, नई पीढ़ी के बच्चों को मोबाइल व चलचित्र से बचाकर सु-संस्कार डालने के कार्यक्रम बाल संस्कार केंद्र, विद्यालयों में संस्कार सिंचन कार्यक्रम के विषय मे प्रशिक्षण दिया गया। जिलों की समितियों को मजबूत करने के लिए महिला उत्थान मंडल एवं युवा सेवा संघ के संगठनों का गठन भी किया गया। आयोजन समिति के प्रभारी ओम प्रकाश कृपलानी, हरीश मेहर चंदानी, कन्हैया लाल संतानी, सुनील पाटीदार, ओमेश थरानी एवं रितेश राजदेव ने उत्कृष्ट सेवादारों का प्रोत्साहित किया।

**मेट्रो एंकर**

### शिक्षाविदों, समाजसेवियों ने पुष्पांजलि अर्पित की, कांग्रेसजनों ने याद किया बापू-शास्त्री को

# गांधी-शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता की शपथ दोहराई

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। जहां समाजसेवियों ने स्वच्छता की शपथ ली, वहीं कांग्रेसियों ने बापू-शास्त्री के सपनों को भारत बनाने का संकल्प दोहराया।

साधु वासवानी स्कूल में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने दोनों महापुरूषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे महान हस्तियों के जन्मदिवस पर हम सभी देशवासी यह संकल्प लें कि देश के विकास में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, विद्यालय की प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल ने अपवने विचार व्यक्त किए। विद्यालय की छात्रा प्रियंका और छात्रा मेघा ने कहा कि बापू एवं शास्त्री के सिद्धांतों व आर्दशों को अपने जीवन में अपनाएं व सच्चाई के मार्ग पर चलें। छात्रा साक्षी कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर बच्चों ने श्रमदान भी किया।



### व्यक्तित्व रेखांकित किया

दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में गाँधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय परिवार के सदस्यों एवं विशिष्ठजनों ने स्वच्छ भारत का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कर्नल नारायण पारवानी, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी व अन्य समाजसेवियों ने गांधी-शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर कहा गया कि बापू-शास्त्री दोनों की अपनी अलग-अलग भूमिका रही। गाँधीजी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए अंग्रेजों की गुलामी से देश को मुक्त कराया, शास्त्रीजी ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया।

### कांग्रेसजनों ने याद किया

संतनगर के मुख्य मार्ग पर स्थापित महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर ब्लॉक कांग्रेस ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बापूजी एवं शास्त्रीजी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक मारण ने की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कैलाश मिश्रा, पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष अविनाश भार्गव, कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी, प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक दीपानी, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, उप ब्लॉक अध्यक्ष गांधीनगर आनंद सबधाणी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी, राज मनवानी प्रवक्ता महेश गुरबानी मनोहर सतानी उपस्थित थे।

# 51 हजार हनुमान चालीसा पाठ का समापन होगा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लालघाटी गुफा मंदिर हनुमानजी महाराज प्रांगण में ब्राह्मणों द्वारा संगीत में श्री हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत के सदस्य विश्व विश्वकर्मा द्वारा 3 जनवरी 2023 से हुजूर क्षेत्र के हनुमान मंदिरों 51, 000 संकल्प के साथ हनुमान चालीसा पाठ चल रहा था, जिसका समापन सात अक्टूबर को गुफा मंदिर महामंडलेश्वर राम प्रवेश दासजी के सानिध्य में होगा। श्री हनुमान चालीसा का पाठ दशांग करके मुद्गल पूजन कर हुजूर विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कराया जाएगा। छीन धाम हनुमानजी महाराज को मुद्गल सुंदर कांड, भंडारी के साथ भेंट किया जाएगा। बृजेश भार्गव, रवि पटेरिया, संदीप पचौरी, राम ठाकुर ने महाराजजी का दर्शन कर सात अक्टूबर को आमंत्रण दिया।

# सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ने के लिए टेबलेट का उपयोग अनिवार्य, लापरवाही की तो होगी कार्रवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

डिजीटल युग में शिक्षा के क्षेत्र में टेबलेट की उपयोगिता को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत प्रदेश के हाई / हायर सेकेण्डरी विद्यालयों एवं शिक्षकों को टेबलेट दिए गए हैं, लेकिन कई स्कूलों में इनका उपयोग नहीं किया जा रहा है।

ऐसे में राज्य शिक्षा केंद्र अब टेबलेट का उपयोग प्रतिदिन नियमित रूप से कक्षा शिक्षण में अनिवार्य रूप से किया जाने के निर्देश दिए हैं। आरएसके ने कहा है कि डिजिटल शिक्षा सामग्री विषय संबंधी शैक्षिक एप्स, ई-पाठ्य पुस्तक एवं अन्य शैक्षिक सामग्री को डाउनलोड कर, कक्षा शिक्षण में उपयोग किया जाये। वीडियो पाठ दीक्षा एवं यू-ट्यूब पर उपलब्ध विषय से संबंधित लर्निंग मटेरियल / वीडियों डाउनलोड करें, जिससे विद्यार्थी सरलता से समझ सकें। इसके अतिरिक्त शिक्षक वीडियो पाठ भी तैयार कर सकते हैं। शिक्षात्मक एप्स दीक्षा एप एजूकेशन पोर्टल, एम-शिक्षा मित्र एवं विमर्श पोर्टल में शिक्षक और विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध सेवाओं का उपयोग करें। ग्राफिक्स और शिक्षक टेबलेट का उपयोग ग्राफिक्स और एनिमेशन तैयार करें, जिससे अध्यापन को रोचक और समझने में आसान बनाया जा सके। टेबलेट का उपयोग वर्चुअल शिक्षा के लिये भी किया जा सकता है, जिससे विद्यार्थी आनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकते हैं। आदेश का पालन नहीं होने की स्थिति में विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।


फाइल फोटो

### 56 हजार शिक्षकों ने नहीं खरीदे टेबलेट, आरएसके ने लगाई थी फटकार

प्रदेश के स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के लिए टेबलेट खरीदने की व्यवस्था की गई है, लेकिन एक साल से चल रही टेबलेट खरीदी की प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी नहीं हो सकी है। हालात यह हैं कि अब भी प्रदेश के करीब 56 हजार शिक्षकों द्वारा टेबलेट नहीं खरीदे गए हैं, इनमें ऐसे शिक्षक भी शामिल है जिन्होंने भूगतान की कार्यवाही के लिए आवेदन नहीं किया है। ऐसे में राज्य शिक्षा केंद्र ने फटकार लगाई थी और सभी जिलों के कलेक्टर्स को आदेश जारी करते हुए कहा कार्यवाही 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए थे।

# नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कुएं में मिली लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नजीराबाद थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश कुएं में मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद प्रथम दृष्टया मामला हादसे से जुड़ा नजर आ रहा है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसडीओपी को सौंपी गई?है। थाना प्रभारी सुनील कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि रीनाबाई गुर्जर (23) मूलत~सीहोर की रहने वाली है। करीब तीन साल पहले उसकी शादी ग्राम बरखेड़ी देव निवासी रामबाबू गुर्जर से हुई थी। दोनों की तीन महीने की एक बच्ची है। सोमवार को महिला का पति और सुसर सोयाबीन काटने के लिए खेत पर गए थे, जबकि महिला अपनी बच्ची के साथ घर पर अकेली थी। शाम करीब सात बजे ससुर घर पहुंचे तो बच्ची जोर-जोर से रोती मिली, लेकिन रीनाबाई कहीं दिखाई नहीं दी। वह घर के पीछे बने कुएं के पास पहुंचे तो देखा कि रीनाबाई कुएं में गिरी है। ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी।


फाइल फोटो

### जांच के बाद होगा घटना के कारणों का खुलासा

टीआई चतुवेर्दी ने बताया कि घर के पास बने छोटे से कुएं में पानी की मोटर लगी है और पास ही कपड़े धोने की जगह बनी हुई है। घटनास्थल की निरीक्षण करने पर कुछ कपड़े वहां पड़े हुए मिले थे। प्रारंभिक तौर पर अनुमान है कि महिला कपड़े धोने के लिए पानी निकाल रही होगी, तभी हादसे का शिकार हुई होगी। हालांकि मायके और ससुराल वालों के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर में देर रात हुई वारदात

# मौसेरे भाइयों पर तलवार और छुरी से जानलेवा हमला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर में रविवार देर रात दो बदमाशों ने मौसेरे भाइयों पर तलवार और छुरी से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू और तलवार लगने से दोनों को गंभीर चोट आई हैं और उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। हमीदिया अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए और दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

एएसआई दिनेश कुजुरिया ने बताया कि अफजल शेख पिता शेख महमूद (21) चूनाभट्टी इलाके में रहता है। रविवार रात वह गौतम नगर में रहने वाली अपनी मौसी के घर भाभी को लेकर गया था। इस दौरान रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास मौसी के बेटे अमन अली का अरबाज शेख और अरबाज अली से विवाद हो गया। दरअसल, एक साल पहले अरबाज अली की ऐशबाग में रहने वाले शाहरुख ने पिटाई कर दी थी। अरबाज अली को संदेह था कि अमन के कहने पर उसके साथ शाहरुख ने मारपीट की है। इसी का बदला लेने अरबाज अली और अरबाज शेख गौत नगर पहुंचे थे। वहां अमन और अफजल का सामने होने के बाद दोनों ने तलवार और छुरी से हमला कर दिया। तलवार और छुरी से अमन और आफजल को गले, हाथ और गर्दन में गंभीर चोट आई थी। दोनों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### शराब पीने के बाद पैसों के लेनदेन का विवाद रेडियम कटर से हमला



भोपाल। बजरिया थाना क्षेत्र में शराब के नशे में दो युवकों का विवाद हो गया। विवाद की वजह शराब का पैसा आधा आधा देने की बात सामने आई है। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी बढ़ गई। कहासुनी के बाद बात हाथापाई और मारपीट पर आ गई। मारपीट के बीच एक युवक ने दूसरे युवक पर रेडियम कटर से हमला कर दिया। रेडियम कटर से चेहरे पर हमला होने के कारण युवक का गाल बुरी तरह से कटा है। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसआई जीपी सिंह ने बताया कि नीरज महावर (24) द्वारिका नगर, स्टेशन बजरिया में रहता है। वह पुताई के ठेके लेता है। उसकी दोस्ती विक्की जैनवार है। विक्की और नीरज दोनों आपस में दोस्त में है और साथ काम करते हैं। कल रात दोनों ने साथ शराब पी?थी। शराब पीने के बाद पैसों के हिसाब को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर विक्की ने नीरज से मारपीट करते हुए रेडियम कटर से हमला कर दिया था। कटर गाल में लगने से नीरज को गाल बुरी तरह से कटा है। उसे अस्पताल पहुंचाया में भर्ती कराया गया है।

### घर के सामने खड़ी केटीएम ड्यूक स्पोर्ट्स बाइक चोरी

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित लहारपुर बागमुगलिया एक्सटेंशन में अज्ञात बदमाशों ने घर के सामने खड़ी केटीएम ड्यूक स्पोर्ट्स बाइक चुरा ली। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि अर्जुन सिंह पिता स्वर्गीय मोती सिंह (52) ईडब्ल्यूएरस लहारपुर, बागमुगालिया एक्सटेंशन कटारा हिल्स में रहते हैं और शासकीय कर्मचारी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रात में उन्होंने अपने घर के सामने अपनी केटीएम ड्युक बाइक लॉक कर खड़ी की थी। रात करीब एक बजे सोने से पहले वे बाहर निकले तो उनकी बाइक खड़ी थी। सुबह नींद खुली तो बाइक नियत स्थान पर नहीं थी। उन्होंने बाइक की अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क पार कर रही महिला को पल्सर सवार युवक ने मारी टक्कर

**भोपाल।** कोहेफिजा?थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रेस्ट हाउस के पास सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार पल्सर सवार युवक ने टक्कर मार दी। हादसा कल सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास का है। राहगीरों ने महिला को आटो से अस्पताल पहुंचाया था। वहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सोहिल खान पिता सलीम खान (21) गांधी नगर गोंडीपुरा गली नंबर 03, मस्जिद के सामने रहता है और डेन्टिग-पैन्टिग का काम करता है। उसने पुलिस को शिकायसत करते बताया कि कल सुबह साढ़े 11 बजे उसकी मां यासमिन बानो पैदल वीआईपी रेस्ट हाउस के पास रोड पार कर रही थी। इसी दौरान पल्सर बाइक सवार ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए उनकी मां यासमिन को साइड से टक्कर मार दी। जिससे उनके सीधे पैर व सिर, मुंह और आंख में चोट आई है। राहगीरों ने उन्हें आटो से इलाज कराने हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था।




### सड़क पर खड़ी बाइक हटाने का कहा तो छुरी से किया हमला

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित आशीर्वाद अस्पताल बंधन बैंक के सामने तीन युवकों ने दो युवकों के साथ मारपीट करते हुए छुरी से हमला कर दिया। छुरी का हमला हाथ से रोकने के कारण हाथ की अंगुली कट गई, जबकि उसके साथी को सिर और गर्दन में चोट लगी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शेख अरबाज पिता शेख अहमद (22) कच्ची मस्जिद के पास शाहजहांनाबाद में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बेकरी में काम करता है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब सवा 12 बजे वह अपने साथी शादाब के साथ बड़े तालाब से मछली पकड़ने के बाद लौट रहा था। दोनों बाइक से आशीर्वाद अस्पताल के पास बंन्धन बैक के सामने पहुंचे थे। इसी बीच रोड पर तीन युवक अपनी बाइक खड़ी करने के बाद खड़े हुए थे। शेख अरबाज ने उन्हें बाइक साइड में खड़ी करने का कहा तो वह भड़क गए और गालीगलौज करने लगे। उन्हें गाली देने से मना किया तो वह मारपीट करने लगे। इसी बीच एक युवक ने अपने पास रखी छुरी निकाल ली। वह अरबाज के पीछे छुरी लेकर दौड़ा था। अरबाज ने छुरी का हमला अपने बांए हाथ से रोका तो उसके हाथ की अंगुली कट गई।

# सूने मकान से जेवरात और बर्तन समेत सिलाई मशीन चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर थानांतर्गत नेहरू नगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन, सिलाई मशीन समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। घटनास्थल के पास बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे एक बदमाश कैद हुआ है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक राजेश भावसार (55) उद्यांचल नगर, मंदाकिनी कालोनी के पास कोलार रोड पर रहते हैं और पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद अस्पताल में स्पोर्ट्स आफिसर हैं। उनका पुराना मकान नेहरू नगर में है, जहां ताला लगा हुआ है। बीती 27 सितंबर को पास में मौजूद एक्सिस बैंक एक कर्मचारी उन्हें फोन करके बताया कि आपके मकान ताला टूटा हुआ है। राजेश घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला और अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। बदमाशों ने उनकी माताजी के लोहे की पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की चार चूड़ियां, चांदी की पायल, कई जोड़ी चांदी की बिछुड़ी, नकद रुपए, ताबे और पीतल बर्तन, सिलाई मशीन समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए थे। जब उन्होंने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए एक बदमाश तड़के करीब चार बजे घर के अंदर घुसता हुआ दिखाई दिया। ड्यूटी में लगातार व्यस्त होने के कारण उन्होंने सोमवार को थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



### पत्नी मायके से लौटी तो पति ने लगा ली थी फांसी



**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित भवानी कैंपस में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। एएसआई बसंत श्रीवास्तव ने बताया कि मनीष मरकाम पिता लक्ष्मीचंद मरकाम (39) भवानी कैंपस में पत्नी और सात साल के बेटे के साथ रहता था और मंडीदीप की पेंट कंपनी में काम करता था। उसकी पत्नी अदिती मरकाम अपने सात साल के बेटे के साथ मायके गई थी। मायके से कल रात करीब दस बजे लौटी तो उसने संतोष को फांसी के फंदे पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि पति की मौत के बाद पत्नी सदमें में हैं और कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

**मेट्रो एंकर** | **दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं**

# दुर्लभ प्रजाति का कछुआ इंडियन टेंट टर्टल की तस्करी करते दो गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

इंदौर एवं स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स भोपाल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इटारसी रेलवे स्टेशन पर यशवंतपुर एक्सप्रेस से वन्यप्राणी इंडियन टेंट टर्टल की तस्करी करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और लखनऊ से दुर्लभ प्रजाति का कछुआ इंडियन टेंट टर्टल लेकर चेन्नई जा रहे थे। दोनों आरोपियों से भारी मात्रा में इंडियन टेंट टर्टल जप्त किए गए हैं। दुर्लभ प्रजाति के यह कछुए वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 के वन्यप्राणी हैं। जिनकी तस्करी एवं अवैध प्रतिबंधित है, जिनकी तस्करी करने वाले आरोपियों को अधिकतम 7 वर्ष तक के कारावास एवं न्यूनतम 25 हजार रुपए दंड देने का प्रावधान है। आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय नर्मदापुरम में पेश किया गया है। वहां से आरोपियों को फॉरेस्ट रिमांड पर ले कर प्रकरण में अग्रिम जांच की जा रही है।



### कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक और सवारियां घायल


**भोपाल।** कमला नगर इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा चालक और उसमें बैठी सवारियों को चोट आई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अकबर शाह (24) मांडवा बस्ती कमला नगर में रहता है और ई-रिक्शा चलाता है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे वह नेहरू नगर चौराहे से चार सवारियां लेकर न्यू मार्केट जा रहा था। पीएण्डटी चौराहे पर वह एक सवारी उतारने लगा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसके रिक्शे को टक्कर मार दी। टक्कर से चालक अकबर समेत दो सवारियों को चोट आई। इसके साथ ही रिक्शे का आगे का कांच टूट गया और पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**ज्योतिष परामर्श**

*ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें*

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य
व कुंडली
विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं.
7869267010
कॉलिंग नंबर
7415497010



shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

## सुविचार

''बहुत अच्छा है, पर वह विचारों से आता है. इसलिए अपने मस्तिष्क को उच्च विचारों और आदर्शों से भर लो, उन्हीं से महान कार्यों का जन्म होगा. - स्वामी विवेकानंद''

-अज्ञात


## संपादकीय

# अब रुख पड़ने लगा नरम

पुराने दोस्तों के बीच अक्सर तनातनी हो जाती है लेकिन यह लंबी चलती है तो दोनों को परेशानी होती है। मामला यदि दो देशों का हो तो यहांभी यह फलसफा लागू होता है। और जब वह ऐसे देश हो जो लंबे वक्त से बेहद करीबी रहे हैं, तो उन्हें उस मसले को मिल-बैठ कर सुलझा लेने में ही बेहतरी समझी जाती है। ताजा मामला भारत व कनाडा का है। मगर अच्छी बात है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का भारत के प्रति आग उगलने के बाद रुख अब नरम पड़ने लगा है। उन्होंने भारत के साथ कनाडा के संबंधों का महत्त्व बताते हुए रिश्ते बेहतर करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि भारत के साथ करीबी संबंधों को लेकर कनाडा बहुत गंभीर है और दोनों अहम भू-राजनीतिक भागीदार हैं। वैश्विक स्तर पर भारत का महत्त्व बढ़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ मिलकर काम करें। दरअसल, भारत में आतंकी और आपराधिक मामलों में वांछित हरदीप सिंह निज्जर की बीते जून माह में अज्ञात लोगों ने कनाडा में हत्या कर दी थी। जस्टिन ट्रूडो ने न केवल भारत पर उसकी हत्या के आरोप लगाए, बल्कि भारतीय राजनयिक को कनाडा से निकालने जैसा सख्त कदम भी उठाया। यही नहीं, उन्होंने अमेरिका समेत अपने मित्र और साझीदार देशों के जरिए भारत के खिलाफ दबाव की रणनीति भी अपनानी चाही, मगर इसमें वह कामयाब नहीं हुए।निज्जर मामले में कनाडा की अनावश्यक अक्रामकता के बाद भारत ने अपने एक के बाद एक लिए फैसलों से ट्रूडो को बता दिया कि उस पर अब वैश्विक दबाव काम नहीं करेगा। भारत ने कनाडा के जवाब में जिस प्रकार सबसे पहले उसके राजनयिक को वापस भेजा, फिर कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने पर अस्थायी रोक लगाई और अंतर्राष्ट्रीय जगत के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखा, उसका सकारात्मक असर पड़ा। सिख फार जस्टिस के प्रमुख और कनाडा में रहकर भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे खालिस्तानी चरमपंथी और निज्जर के करीबी गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपित्तयों को कुर्क किए जाने से भी दुनिया को यह संदेश गया कि भारत किसी भी तरह के अलगाववाद के सख्त खिलाफ है। ट्रूडो ने भारत से संबंध बेहतर बनाने की बात ऐसे समय कही जब विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन के साथ वाशिंगटन में मुलाकात कर रहे थे। दोनों के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई। निज्जर की हत्या का मुद्दा भी उठा। मगर जिस प्रकार जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर इस मामले को संभाला है, उससे कनाडा अपने कदम पर विचार करने को विवश हुआ है। ट्रूडो संबंधों की दुहाई देकर भले यह कहें कि निज्जर की हत्या की सच्चाई सामने लाने के लिए भारत-कनाडा मिलकर काम करें, लेकिन अभी तक उनके पास निज्जर हत्याकांड से जुड़े सबूत नहीं हैं। समझा जा सकता है कि कनाडा में रह रहे सिख समुदाय का वहां की सरकार पर भारी दबाव है और ट्रूडो सरकार उसकी नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती। मगर इसके चलते बिना किसी सबूत के वह भारत से अपने रिश्ते खराब कर ले, तो वह उसके लिए बड़ा और स्थायी नुकसान साबित होगा। दशकों से दोनों देशों के मित्रवत संबंध रहे हैं।उस संबंध में कनाडा के शीर्ष स्तर से दिखाई असावधानी खटास पैदा कर गई है। अब ट्रूडो उसे संभालने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह एक सुखद बात है। मगर ये कोशिशें कितनी कामयाब होंगी और भारत सरकार किस स्तर तक उन पर भरोसा करेगी, यह कनाडा के भविष्य में उठाए जाने वाले कदम पर निर्भर करेगा। वैसे भी भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कनाडा के मामले में अपना रुख स्पष्ट करके पूरी दुनिया को संदेश दे दिया है। भारत के सामने कनाडा छोटा मुल्क है लेकिन उसके दुस्साहस के बाद भी दुनिया के लिये भारत की अहमियत ज्यादा है, उसे यह बात अब समझ आ रही है तो भी बेहतर है। लेकिन उसे खालिस्तान समर्थकों के मामले को स्थानीय राजनीति के हिसाब से डील करने से बाज आना होगा।

# भाजपा या कांग्रेस के लिए क्षेत्रीय क्षत्रपों की भूमिका राष्ट्रीय नेतृत्व पर निर्भर

**आलोक मेहता**





आगामी राज्य विधान सभाओं के चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा कुछ केंद्रीय मंत्रियों अथवा वरिष्ठ नेताओं की उम्मीदवारी की घोषणा पर चौंकने की जरुरत नहीं है। दशकों से भाजपा और संघ युद्ध के मैदान की तरह दूसरी पंक्ति को सशक्त रखने का प्रयास करती रही है । मध्य प्रदेश में वीरेंद्र कुमार सखलेचा , कैलाश जोशी , सुंदरलाल पटवा के रहते शिवराज सिंह और कैलाश विजयवर्गीय नेता पार्टी में आगे बढ़ते रहे । इसी तरह राजस्थान में भैरोसिंह शेखावत के रहते वसुंधरा राजे , ओम बिड़ला , गजेंद्र सिंह शेखावत जैसे नेता आगे बढ़ाए गए । उत्तर प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी और मुरली मनोहर जोशी के साथ कल्याण सिंह , राजनाथ सिंह जैसे नेता और फिर योगी आदित्यनाथ को संसद या विधान सभा में बढ़ाया जाता रहा । अटल बिहारी वाजपयी और वर्तमान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय नेतृत्व की लोकप्रियता और क्षेत्रीय क्षत्रपों के काम और नाम के बल पर चुनाव जीतने की रणनीति बहुत हद तक सफल रही है । एक समय में कांग्रेस में भी इंदिरा गाँधी के रहते डी पी मिश्रा , श्यामाचरण शुक्ल , कमलापति त्रिपाठी , नारायण दत्त तिवारी , हेमवतीनंदन बहुगुणा , मोहनलाल सुखाड़िया , हरिदेव जोशी , रामनिवास मिर्धा , शिवचरण माथुर और अशोक गेहलोत आगे बढ़ते गए । संसद या विधान सभाओं में उनकी भूमिका समय समय पर बदलती रही है ।

भारतीय जनता पार्टी की रणनीति यह है कि इस बार बड़े नाम वाले उम्मीदवार उन सीटों को सुरक्षित करेंगे, जहां वह कमजोर हैं । साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील से पार्टी राज्यों के चुनाव जीतेगी । इसमें मुख्यमंत्री पद नेताओं के प्रोत्साहन के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं होने से क्षेत्रीय नेताओं को और ज्यादा मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी । यह स्वस्थ्य प्रतियोगिता और शक्ति परीक्षण कहा जा सकता है । रणनीति पार्टी में भाई-भतीजावाद पर अंकुश लगाने और वंशवाद की राजनीति के तंज से बचने की भी है । खासकर जब से यह आरोप कांग्रेस को लेकर लगाया जाता है । पार्टी अब प्रति परिवार एक टिकट देगी ।

मध्य प्रदेश में पेश की गई. चार सांसद, तीन केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इस बार मध्य प्रदेश का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे । जबकि मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए ( अभी तक ) कोई टिकट का ऐलान नहीं हुआ है । पार्टी उन्हें चुनाव अभियान की कमान दे रही है , लेकिन भविष्य के लिए मैदान में विकल्प और आपने अपने इलाके के कद्दावर नेता को विजय की जिम्मेदारी दे रही है । कैलाश विजयवर्गीय ने पिछले वर्षों में कई राज्यों में अपनी संगठन क्षमता दिखाई और अब अपने मालवा क्षेत्र में भाजपा की चुनौतियों से निपटकर दिखाना है । इसी तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रचार अभियान में प्रमुख चेहरा बनाया जा सकता है । सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारना सामूहिक नेतृत्व का संदेश देता है । उस संदेश को रेखांकित किया गया । पार्टी को उम्मीद है कि अपनी बेस्ट टीम को मैदान में उतारने से उसे कांग्रेस पर बढ़त मिलेगी । साथी ही इनमें से प्रत्येक राज्य में अनुभवी नेताओं को पांच साल पहले हारी हुई सीटों को पलटने का काम सौंपा जाएगा । यही नहीं 2024 के लोक सभा चुनाव के लिए मजबूत आधार तैयार हो जाएगा ।

भाजपा अन्य राज्यों यानी राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के लिए इसी दृष्टिकोण का इस्तेमाल कर सकती है । राजस्थान में संभावित मुख्यमंत्री चेहरों में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला , केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अर्जुन राम मेघवाल शामिल हैं ।दो बार मुख्यमंत्री रहीं और सिंधिया राजपरिवार की सदस्य 70 वर्षीय वसुंधरा राजे को पुनः मुख्यमंत्री के रूप में वापसी की संभावना नहीं है । भले ही उन्हें राज्य में बीजेपी की सबसे बड़ी और सबसे प्रभावशाली नेता के रूप में देखा जाता हो । उन्हें पिछले वर्षों से थोड़ा किनारे किया गया । वह भाजपा संघ के सहारे ही प्रभावी हुई थीं । लेकिन अपने को अपरिहार्य समझने की ग़लतफ़हमी नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व ही दूर कर सकता है । वसुंधरा को पार्टी में सम्मान मिला , लेकिन विवादों और घोटालों का रिकॉर्ड भी कम नहीं है ।

छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने अलग राह चुनी है. बीजेपी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भतीजे विजय को शीर्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी चाहेगी कि पारिवारिक विभाजन उसके पक्ष में हो, क्योंकि उसने %बघेल बनाम बघेल मुकाबले% की योजना बनाई है । विजय बघेल लोकसभा सांसद हैं. ।वह दुर्ग जिले के पाटन से चुनाव लड़ सकते हैं । इस सीट पर 2003 से भूपेश बघेल और विजय बघेल के बीच मुकाबला चल रहा है । भूपेश बघेल इस सीट से पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं । बीजेपी के अन्य संभावित उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और राज्यसभा सांसद सरोज पांडे शामिल हैं. बीजेपी ने अभी तक अपनी लिस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का नाम नहीं शामिल किया है , लेकिन प्रदेश में उनके नाम और कार्यकाल की सफलता को भुनाने की कोशिश तो रहेगी ।

तेलंगाना में बीजेपी का झुकाव उसकी %मिशन साउथ% योजना का हिस्सा है. दक्षिण भारत में सरकार बनाने में जुटी बीजेपी इस बार कोई कोर कसर नहीं रखना चाहती । दक्षिण भारत की ओर से अक्सर पार्टी के कट्टर राष्ट्रवादी एजेंडे को खारिज कर दिया गया है । तेलंगाना में नवंबर में चुनाव होने हैं । यहां केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी संभावित बड़े नाम वाले उम्मीदवार हैं । रेड्डी तेलंगाना के थिम्मापुर क्षेत्र से हैं और पार्टी के राज्य प्रमुख भी हैं । के सी आर के राज के भ्रष्टाचार और मनमानी के विरोध की आवाज कांग्रेस भी उठा रही है । उन दोनों की लड़ाई का लाभ भाजपा उठाना चाहती है । किसी समय पार्टी को वेंकैया नायडू से चमत्कार की उम्मीद थी , लेकिन वह केवल राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ भाग में टिके रहे ।

इस पृष्ठभूमि में यह स्वीकारा जाना चाहिए कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भविष्य के पार्टी के हितों के लिए हर राज्य में नए पुराने नेताओं को साथ रखकर स्वयं चुनावी मैदान का नेतृत्व करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं । कांग्रेस में जीत का श्रेय गाँधी परिवार को और पराजय का ठीकरा प्रादेशिक नेताओं पर डाला जाता है । मोदी ने हिमाचल या कर्णाटक में पराजय के लिए जे पी नड्डा या अनुराग ठाकुर अथवा येदुरप्पा और बोम्मई आदि को उत्तरदायी ठहराकर दण्डित नहीं किया । हाँ इतना अवश्य है कि क्षेत्रीय क्षत्रप मोदी के आभा मंडल , केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और लोकप्रियता पर निर्भर रहेंगे ।

## निशाना

### बदल रही तस्वीर !



– कृष्णेन्द्र राय

संगठन में इनके लगता ।  
आ रही दरार ।।  
फिर भी होगा देखना ।  
कौन पहनता हार ।।  
धीरे धीरे शायद ।  
बदल रही तस्वीर ।।  
ख़बर रही है उड़ ।  
हैं सारे ही वीर ।।  
हारते ना हिम्मत हैं ।  
ना खुले बस पोल ।।  
एक दूसरे को भले ।  
रहें घुमाते गोल ।।  
शानदार अंदाज़ है ।  
पर अंदर कोहराम ।।  
रुक रुक कर कभी कभी ।  
है आता पैगाम ।।


## आज का इतिहास

- 1520 पोप लियो एक्स ने मार्टिन लूथर के 95 शोधों से सेंसुरप्रोपोसिशन के लिए पोप बैल बुल डोमिनर जारी किया और उन्हें विथेकम्यूनिकेशन की धमकी दी।
- 1667 फ्रांसीसी चिकित्सक जीन-बैप्टिस्ट डेनिस ने पहली बार मानव रक्त आधान का दस्तावेजीकरण किया, जिससे एक भेड़ के बच्चे को 15 साल के लड़के का खून मिला।
- 1703 राजकुमार ई रकोक्ज़ी ने फ्रांस में हंगरी विद्रोह शुरू किया।
- 1762 आस्ट्रिया में कागजी मुद्रा का प्रचलन शुरु हुआ।
- 1762 आस्ट्रिया में कागजी मुद्रा का चलन शुरू हुआ।
- 1776 डॉ? यॉ बैप्तिस डेनिस द्वारा पहली बार मानव रक्त ट्रांसफ्युजन किया गया।
- 1785 जीन-फ्रांस्वा पिल्ट्रे डी रोजियर, पहली-मानवयुक्त उड़ान (1783) के सह-पायलट, और उनके साथी, पियरे रोमैन, एक हवाई दुर्घटना के पहले दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं जब उनके गर्म हवा के गुब्बारे को पार करने के प्रयास के दौरान विस्फोट हो जाता है इंग्लिश चैनल।
- 1785 विश्व की पहली हवाई दुर्घटना में गुब्बारे से उड़ान भर रहे दो फ्रांसिसि नागरिकों की मृत्यु हो गई।
- 1804 अमेरिकी संविधान में 12 वीं संशोधन की पुष्टि हुई, जो न्यायिक शक्ति के विनियमन से संबंधित है।
- 1808 जोसेफ बोनापार्ट स्पेन के राजा बने। जोसेफ-नेपोलियन बोनापार्ट नेपोलियन बोनापार्ट के बड़े भाई थे, जिन्होंने उन्हें नेपल्स और सिसिली का राजा बनाया (1806ङ्क1808), और बाद में स्पेन के राजा। नेपोलियन के पतन के बाद, जोसेफ ने खुद को कॉम्टे डी सरविलियर्स की शैली दी।

# कनाडा अपने निरंकुश मानवाधिकार मूल्यों से अंधा हो गया है, सिख कट्टर पंथी इसका प्रतिकार करेंगे

**ले. जनरल प्रकाश मेनन**

### सिख प्रवासियों के बीच असंतोष पंजाब और भारत में अन्य जगहों पर नाजुक सांप्रदायिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है



कनाडा ने 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया है. वैचारिक स्तर पर, कनाडा यह दिखाना पसंद करता है कि 1984 में ऑपरेशन ब्लूस्टार के बाद खालिस्तानियों के साथ मानवाधिकारों के साथ उसके उदार मूल्यों ने उसकी नीतियों और कार्यों को आकार दिया है. वास्तव में, कनाडा के लोगों को भविष्य में इस बात की चिंता होनी चाहिए कि खालिस्तान का मुद्दा उनके अपने देश में साकार हो सकता है यदि कनाडा वैचारिक आधार पर अपनी नीतियों को नहीं बदलता है जो कि निरंकुशता मानवाधिकार मूल्य से अंधी हैं. मानवाधिकारों के उल्लंघन के आधार पर शरण देने से कनाडा में कट्टरपंथी सिखों के प्रवेश की भी अनुमति मिल गई. पिछले दो दशकों में सिख आबादी दोगुनी हो गई है और अब यह कनाडा की आबादी का 2.1 प्रतिशत है. इनमें अधिकतर आर्थिक प्रवासी शामिल हैं. कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की वर्तमान भीड़ सीमांत लोगों के रूप में है, जो ज्यादातर दूसरी पीढ़ी के प्रवासी हैं जिनका भारत में सिखों के खिलाफ जारी अत्याचारों की कहानियों से ब्रेनवॉश किया गया है.

निरंकुश मानवाधिकार मूल्य कनाडा के अपने हितों और भारत की सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं. इसी तरह अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में भी चरमपंथी तत्व मौजूद हैं. इस बीच, जीएस पन्नू, जिन्हें भारत सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित कर दिया गया है और न्यूयॉर्क में खालिस्तानी संगठन, सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का प्रमुख है, जिस पर भारत ने 2019 में प्रतिबंध लगा दिया था, ने वीडियो जारी कहा, ÷भारतीय हिंदू कनाडा छोड़ दें, भारत वापस जाओ. आप न केवल भारत का समर्थन करते हैं बल्कि आप खालिस्तान समर्थक सिखों की आवाज़ और अभिव्यक्ति के दमन का भी समर्थन कर रहे हैं.÷ इन सभी तत्वों को पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा पोषित किया जाता है, जिसने भारतीय मूल के युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है. इसके अलावा भारत में आतंकवादी कार्रवाइयों और प्रचार को अंजाम देने के लिए आश्रय, वित्त, प्रशिक्षण, संचालन अड्डों और हथियारों का प्रावधान भी संघर्ष का मुद्दा बन गया है.तमाम धमकियों के बावजूद, कनाडा द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों पर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि वे खालिस्तानियों को एक सांस्कृतिक और सामाजिक आंदोलन का हिस्सा मानते हैं. यह स्पष्ट है कि उन्होंने ज़मीनी तथ्यों से नज़रें चुराने का विकल्प चुना है. भारत के लिए यह एक अलगाववादी आंदोलन है जो मुख्य रूप से पाकिस्तान और पश्चिमी उदारवादी विचारधारा में मूल्यवान मानवाधिकारों के दुरुपयोग द्वारा कायम है. तीन दशकों से अधिक समय से खालिस्तान के प्रति उत्साह को पंजाब में कोई सार्थक समर्थन नहीं मिला है. यह प्रवासी भारतीयों के अलग-अलग हिस्सों में पूरी मजबूती के साथ जीवित रहता है. फिर भी, सिख प्रवासियों के बीच असंतोष पंजाब और भारत में अन्य जगहों पर नाजुक सांप्रदायिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है.

कूटनीतिक स्तर पर भारत की प्रतिक्रिया तीखी और स्पष्ट रही है. लेकिन उम्मीद है कि एक बार जब भावनाओं की गर्म हवाएं थम जाएंगी, तो वैश्विक भू-राजनीति की ताकतें भारत की सुरक्षा चिंताओं की बेहतर समझ के साथ कुछ सामान्य स्थिति में वापसी करेंगी.दूसरे स्तर पर, कनाडा के आरोपों से भारत की राजनीति को मानवाधिकारों के क्षेत्र में भारत की कमजोर होती साख के बारे में आत्मनिरीक्षण करने के लिए सचेत होना चाहिए. स्वतंत्रता के बाद से भारत की यात्रा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की तलाश में रही है और स्वतंत्रता, मानवीय गरिमा, समानता और भाईचारे के मूल्यों द्वारा निर्देशित रही है. इस मार्ग में घृणित धार्मिक और जातिगत प्रथाओं को त्यागना शामिल था जो भारतीय आबादी के एक बड़े हिस्से के उत्पीड़न को मंजूरी देते थे. इसमें बंधुआ मज़दूरी, बाल मज़दूरी, ऐसे लोग जिन्हें जल स्रोतों तक पहुंच की अनुमति नहीं थी और सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल थीं. हिंदू धर्म और जाति व्यवस्था के नाम पर प्रवेश से इनकार कर दिया गया था. इनमें से अधिकांश प्रतिबंध अब मौजूद नहीं हैं, हालांकि वे अभी भी कई हिस्सों में मौजूद हैं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे भारत के सामाजिक ताने-बाने की कुछ सांस्कृतिक प्रथाओं में पनपे हैं.हाल के दिनों में भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड को अमेरिका ने चिंता का विषय बताया है. कनाडा के आरोप दुर्भाग्य से ऐसे मानवाधिकार आख्यानों से मेल खाते हैं. लेकिन हमें पता होना चाहिए कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के पास हमें मानवाधिकारों पर व्याख्यान देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है. उन सभी ने बेहिसाब बदतर काम किये हैं. लेकिन यह हमारे लिए कोई कारण नहीं है कि हम कानून को बनाए रखने के लिए बनी संस्थाओं को कमजोर करने और उनका दुरुपयोग करने के कारण भारत में बढ़ते मानवाधिकार उल्लंघन के वर्तमान पथ पर आत्मनिरीक्षण न करें. तेजी से कानून के शासन की जगह कानून द्वारा शासन ले रहा है.भारत के सत्ता में आने को संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा जो इसके पाठ्यक्रम का मार्गदर्शन करेंगे. यदि हम ऐसा नहीं करते हैं, तो भारत उन कई शक्तियों से अलग नहीं होगा जो ऐतिहासिक रूप से मजबूत हो गईं और फिर इस धारणा पर अहंकारी और नशे में धुत हो गईं कि ताकत सही है. हमें अर्थशास्त्र से मार्गदर्शन लेना चाहिए जो अपने नागरिकों और अन्य राज्यों के नागरिकों के साथ व्यवहार करते समय बल या जबरदस्ती के उपयोग के लिए अलग-अलग तरीके बताता है. ऐसा लगता है कि हमारी वर्तमान प्रथाएं अक्सर इस महत्वपूर्ण अंतर को भूल जाती है।

**साभार :** ये लेखक के अपने विचार हैं।

### नगर में सुरसा की तरह बढ़ता जा रहा है अतिक्रमण

# गांधी जयंती पर भी प्रशासन नहीं हटा पाया गांधी चौक का अतिक्रमण

**सिवनी मालवा/संतोष सिंह चंदेल**

अपने बूते पर देश को आजादी दिलाने वाले महात्मा गांधी आज भी सिवनी मालवा नगर में अतिक्रमण कारिओ के कब्जे में है। महात्मा गांधी की जयंती को 2 अक्टूबर को बड़े ही धूमधाम से पूरे देश ने मनाया गया वही सिवनी मालवा के हृदय स्थल कहे जाने वाले गांधी चौक पर भी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सुबह से ही सिवनी मालवा के भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर महात्मा गांधी अमर रहे के नारे बड़े ही उल्लास के साथ लगाए गए लेकिन वहीं दूसरी ओर देश को आजाद करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले महात्मा गांधी पर माल्य अर्पण करने के कुछ ही देर बाद गांधी चौक पर अतिक्रमणकारियों ने गांधी जी की प्रतिमा के आसपास फल फरूट और सब्जी के ठेले लगाकर अतिक्रमण कर लिया।



नगर के सौंदर्य करण के लिए यहां पर ये यक्ष प्रश्न है कि देश को आजादी दिलाने वाले गांधी जी अपने ही चौक को कब इन अतिक्रमण कारियो से आजाद करवा पाएंगे। शहर के गणमान्य नागरिकों का ऐसा मानना है कि सिवनी मालवा नगर के हृदय स्थल कहलाने वाले एक स्तंभ चौक और दूसरा गांधी चौक अतिक्रमण से मुक्त होना चाहिए और साफ सुथरा रहे इसके लिए नगर पालिका को विशेष ध्यान देने की आज आवश्यकता है। इन दोनों ही चौक चौराहा पर फल फरूट वालों ने अतिक्रमण हटा कर जय स्थम चौक और गांधी चौक की सौंदर्यता पर विशेष ध्यान देने की आज आवश्यकता है।





आज शहर में सुरसा की तरह बढ़ता जा रहा अतिक्रमण से आमजन परेशान है जिसे आज देखने और सुनने वाला कोई नहीं है।कई बार नगर पालिका में परिषद की मीटिंग हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि शहर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा लेकिन अभी तक तो यह सिर्फ एक दिखावा ही साबित होता नजर आ रहा है ना तो ईस और नगर पालिका ने पहल की और ना ही स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारीओ ने जो मीटिंग में मौजूद तो रहते हैं बड़ी-बड़ी बातें भी करते हैं लेकिन धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। वहीं गांधी चौक से लेकर मस्जिद मोहल्ले तक अतिक्रमणकारियों ने अपनी आदी दुकानों को सड़कों पर लाकर नगर पालिका को मुंह चीढ़ते नजर आ रहे हैं।

तो दूसरी ओर गांधी चौक पर फल फरूट सब्जी वाले ने गांधी जी के आजू-बाजू अपना कब्जा जमा कर यह सिद्ध कर दिया है कि हमें किसी का डर और भय नहीं है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए लोहिया पुल से लेकर पत्थर पुल के आसपास कल्टीवेटर ट्राली शिडिल लोहे का काम करने वालों ने शहर की सड़कों पर ही ट्राली बनाने का कारखाना खोल रखा है जिनकी ट्रालियां सड़कों पर बनती है वहीं खड़ी होती है और वही उनका सामान रखा रहता है जिसके कारण आज अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर नगर के मेंन मार्केट में भी यही स्थिति है।अव्यवस्थित तरीके से खड़े हाथ ठेले और दुकानदारों का सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण जिसमें आदी दुकान तो वह सड़क पर ही लगा कर बैठ जाते हैं। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका कार्यालय के सामने मोटरसाइकिलों की अव्यवस्थित तरीके से खड़ा होना भी मेन रोड पर चलने वालों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, मजे वाली बात तो यह है कि नगर पालिका के पीछे ही पार्किंग व्यवस्था है लेकिन आज ही आलम यह है कि लोग पार्किंग में वाहन नहीं खड़े करते हुए नगर पालिका के सामने वाहन खड़े कर रहे हैं। अगर नगर पालिका शक्ति से इन वाहानों को पार्किंग में खड़ा करवाए तो किसी की हिम्मत नहीं की नगरपालिका के सामने बहन खड़े करके आव्यवस्थाएं फैलाएं अब जिसको निकलना हो निकले जिसको परेशानी होती हो होती रहे हमको क्या लेना देना हमारा टेसू यही खड़ा की तर्ज पर मनमानी करने वालों के ऊपर भी कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण आज इनके हौसले बुलंद है।

# मौजूदा व भावी सांसद को लेकर संशय में नर्मदापुरम !

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

### विस चुनाव लड़ाने के बाद भावी भूमिका पर चर्चा तेज



भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए केंद्र के कुछ मंत्री और सांसदों को भी मैदान में उतारने का निर्णय लिया है इस कडी में होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद राव उदय प्रताप सिंह को भी नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा तहसील से विधानसभा का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद खूब चर्चा हैं।

कहा जा रहा है कि विधानसभा का प्रत्याशी न बनाकर यदि उदय प्रताप को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जाता तो उनकी भूमिका ही कुछ और होती। लेकिन उनको विधायक प्रत्याशी बनाकर उनके एवं संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया गया।

सांसद और मंत्रियों को विधानसभा में प्रत्याशी बनाने के पीछे भाजपा की यही रणनीति रही है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति जहां कमजोर है वहां कद्दावर सांसद और मंत्री को प्रदेश में विधानसभा का प्रत्याशी बनाया जाए ताकि प्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बन सके। उदय प्रताप सिंह को सांसद से विधायक बनाने की कवायद को लेकर संसदीय क्षेत्र की जनता खुश नहीं नजर आती । लोग कहते हैं कि सिंह यदि संसद का चुनाव लड़ते और वह जीत जाते और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती तो उनका मंत्री बना तय था।

### संसद का चुनाव किसे लड़ाएगी भाजपा

अब सवाल यह है कि सांसद राव विधानसभा में चले गए और यहां से संसद की सीट खाली हो गई तो भारतीय जनता पार्टी अपने किस कर्मठ कार्यकर्ता को यहां से आगामी संसद के चुनाव में संसद का प्रत्याशी बनाएगी। वैसे तो चुनाव लड़ने के लिए दर्जनों उम्मीदवार झोली पसारे खड़े हैं, लेकिन संसद जैसे महत्वपूर्ण पद पर किसी ऐसे योग्य व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी बनाएगी जिसके जीतने की संभावना 100त्न हो भाजपा के पास सांसद के लिए कई नाम है. हो सकता है भाजपा कुछ विधायकों को भी संसद का चुनाव लड़ा दे।




# तीन विकास खंडों के ग्रामों में विकास रथ के माध्यम से किया जा रहा योजनाओं का प्रचार-प्रसार



**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विदिशा जिले के तीन विकास खंडों में एक साथ विकास रथों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सिरोंज, लटेरी और कुरवाई विकास खंड के ग्रामीण जन उत्सुकता के साथ विकास रथ के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं तथा योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। विकास रथ द्वारा शासन के कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। विकास रथ द्वारा एलईडी के माध्यम से मध्यप्रदेश में विगत बीस वर्षों में हुए कृषि विकास , शैक्षणिक विकास, अधोसंरचनात्मक, विद्युत वितरण की बेहतर व्यवस्था एवं सिंचाई के क्षेत्र में हुए बेहतर कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, कृषि कल्याण योजनाएं, बेहतर स्वास्थ्य सेवा, जनजातीय वर्गों के उत्थान के लिए किए गए बेहतर प्रयास सहित शासन की अन्य जनहितकारी योजनाओं तथा क्रियान्वयन कार्यों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

# नेशनल चौंपियनशिप कुश्ती का महाकुभ



**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

67वी राष्ट्रीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार तीन अक्टूबर को शमशाबाद में होने जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी ने जानकारी देते बताया कि शमशाबाद मे दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ सागर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री राजबहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय विधायक राजश्री सिंह की अध्यक्षता में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 3 अक्टूबर से 8 अक्तूबर तक आयोजित की जायेगी। राठी ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 1200 कुश्ती के खिलाड़ी एवं उनके अधिकारी हमारे बीच आयें हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई गई हैं। खिलाड़ियों के ठहरने हेतु आवास एवं भोजन के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। नगर में खिलाड़ियों की रैली भी निकाली जाएगी। नगर में कई स्थलों पर रैली के दौरान नगर के व्यापारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा खिलाड़ियों का स्वागत किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने नगर के गणमान्य नागरिकों से प्रतियोगिता में शामिल होकर देशभर से आए हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

**मेट्रो एंकर** वीके जैन ने बताया कि 6 माह के अंदर पिचीन निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा

# विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने किया पिचिन निर्माण का भूमिपूजन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा नदी के तटों का सुदृढ़ीकरण अंतर्गत नर्मदापुरम नगर के कोरी घाट से सर्किट हाउस घाट तक 540 फीट गेवियन स्ट्रक्चर पिचिन का निर्माण 6 करोड़ 71 लाख लागत से किया जाएगा। सोमवार 2 अक्टूबर को विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा द्वारा किया गया। कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना वीके जैन ने बताया कि 6 माह के अंदर पिचीन निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा जिसमें ग्रेवियन स्ट्रक्चर द्वारा होम साइंस कॉलेज नर्मदा पुरम के समानांतर नर्मदा नदी के तटबंधों को मजबूती प्रदान की जाएगी।






## महिला कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे, हंगामा

# कांग्रेसी हुए आक्रमक असम के सीएम को काले झंडे दिखाने के बाद किया पुतला दहन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**महिला कांग्रेस सेवा दल के तत्वाधान में सोमवार को छतरी नाका चौराहे पर महिला कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष राजकुमारी रिंकी रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा का पुतला फूंका।**

पुतला जलाने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी सरकार एवं सिरोंज विधायक के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की ज्ञात हो कि भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने विगत दिनों पूर्व कांग्रेस नेताओं के खिलाफएक सार्वजनिक मंच से अभद्र टिप्पणी की थी। जिससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को दोपहर में छतरी नाका चौराहे पर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में विधायक उमाकांत शर्मा का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान पुलिस एवं कांग्रेस नेत्री के बीच में नोक झोंक भी हुई। इस दौरान पुलिस ने जलते हुए पुतले को छीन लिया और मौके पर मौजूद फाइव ब्रिगेड के माध्यम से पानी की बौछार कर उसे बुझा दिया। इसी दौरान बाजार की तरफ से आ रहे युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बघेल हाथ में दूसरा पुतला जलाते हुए छतरी चौराहे पहुंचे जिसे देखकर पुलिस प्रशासन हक्का-बक्का रह गई। वही इस पूरे घटनाक्रम के दौरान महिला पुलिस कहीं भी देखने को नहीं मिली। हालांकि दूसरे पुतले को भी पुलिस ने छुड़ाकर बुझा दिया। इस दौरान झूमा झटकी देखने को मिली। पुतला जलाने से पूर्व कांग्रेस नेत्री ने भाजपा को घेरते हुए आरोप लगाया कि एक तरफ भाजपा के नेता लोगों को नियमों का पाठ पढ़ाते हैं तो वहीं दूसरी तरफउनके ही नेता एवं जनप्रतिनिधि समाज के बीच में कुरुतियों का काम कर रहे हैं जो सार्वजनिक मंचों से इतनी गंदी और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए विपक्ष के नेताओं पर टिप्पणी कर रहे हैं।







**इनका कहना है -**

हमें जैसे ही पुतला दहन की जानकारी लगी तत्काल मौके पर पुलिस बल पहुंच गया था। पुलिस ने पुतले को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से छुड़ाकर अपनी गिरफ्त में रख लिया लिया था।

– संदीप कुमार पवार,थाना प्रभारी सिरोंज

**खामोश रहा प्रशासन**

**चूड़ियां की भेंट**

## पुतला दहन के दौरान पहली बार मौके पर दिखी फायर ब्रिगेड

विधायक उमाकांत शर्मा के पुतला दहन की सूचना जैसे स्थानीय प्रशासन को लगी प्रशासन तत्काल छतरी चौराह पहुंचकर पूरे चौराहे को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। दर्जनों पुलिसकर्मी सादा ड्रेस एवं बड़ी संख्या में खाकी मैं मौजूद पुलिस कर्मियों ने चौराह के चारों तरफडेरा डाल लिया। वही पुतला दहन के दौरान पहली बार फायर ब्रिगेड देखने को मिली जो दिन भर चर्चा का विषय रही। क्योंकि इस पुतला दहन से पूर्व नगर में सैकड़ो बार पुतला दहन के कार्यक्रम आयोजित किया जा चुके हैं। लेकिन कभी भी फाइव ब्रिगेड पुतला बुझाने के लिए नहीं देखी गई।

**विधायक को बताया मानसिक रूप से विक्षिप्त एवं चूड़ियां की भेंट -** पुतला दहन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए महिला कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष राजकुमारी रिंकी रघुवंशी में भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा विधायक मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं, क्योंकि लगातार उनके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर आ रहे हैं कभी अचानक डांस करने लगते हैं तो कई बार अधिकारीयों एवं आम लोगों के साथ बदसलूकी करते देखे गए हैं। इस बार तो उन्होनें सारी हदें पार कर दी एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंच पर महिला जनप्रतिनिधि होने के बावजूद भी जिस तरह से कांग्रेस नेताओं पर अभद्र टिप्पणी की है वह निंदनीय है, ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वही उन्होंने भाजपा विधायक को चूड़ियां भी भेंट की।

**कांग्रेस आज सौंपेगी ज्ञापन -** महिला कांग्रेस नेत्री राजकुमारी रघुवंशी ने कहा कि आज दोपहर में राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें सिरोंज भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी पर कार्रवाई की को लेकर मांग की जाएगी। वही उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो कांग्रेस अन्य जगहों पर भी आंदोलन करेगी।

### यह है पूरा मामला

अपने विवादित बयानों को लेकर भाजपा सरकार को हमेशा कटघरे में खड़ा करने बाले सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने विगत दिनों पूर्व एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस से टिकिट मांग रहे 06 उम्मीदवारों को छक्का कह दिया। दरअसल इस दिनों देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है इसी के अंतर्गत भारत सरकार की एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनो को निशुल्क कृत्रिम अंग उपकरण वितरित किए जा रहे थे। यह कार्यक्रम लटेरी के शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा था। उक्त कार्यक्रम में भाजपा विधायक उमाकान्त शर्मा द्वारा अपने भाषणों में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों को छक्का करार घोषित कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा कि कछु कांग्रेसी घुड़ रहें हैं, एक गगन में उड़ रहे हैं गगनेंद्र जी, एक कह रहे हैं हम तो इंद्र हैं सुरेंद्र जी, एक कह रहे हैं हम सम्राट अशोक हैं अशोक जी एक, दो, तीन, चार, पांच, छः नाम मतलब छक्का उन्होंने कहा छक्का का नाम चल रहा है। मतलब छक्का चल रहा है कांग्रेस का आप समझ जाना छक्का मतलब मैं कुछ नहीं कहूंगा। जबकि कार्यक्रम के दौरान मंच पर कई महिला जनप्रतिनिधि भी मौजूद थी। इसके बाद भी विधायक को अपशब्द कहने में कोई शर्म महसूस नहीं हुई, एक तरफकेंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने एवं सशक्त बनाने के लिए उनके सम्मान में लगातार प्रयासरत है, तो वहीं दूसरी तरफस्थानीय भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा अपने बिगड़े बोलों से बाज नहीं आ रहे हैं। महिलाओं के सामने ही इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से बहू प्रसारित हुआ था। जिसको लेकर महिला कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष राजकुमारी रिंकी रघुवंशी ने सोमवार को पुतला दहन कर जमकर कर नारेबाजी की।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान स्वच्छता ही स्वस्थ व शान्तिपूर्ण जीवन का मूल मंत्र: नरेंद्र सिंह तोमर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय सेवा योजना मुबारकपुर टोल प्लाजा द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से मुबारकपुर में श्रमदान किया और परिसर को स्वच्छ करके गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया और जन जागरूकता का सन्देश दिया। मुबारकपुर टोल पलाजा मैनेजर नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया साफ सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है÷ इसी के मद्देनजर देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए हमारे प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान शुरु किया। हमें ये समझना चाहिये कि ये केवल हमारे प्रधानमंत्री का कार्य नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले हर इंसान की जिम्मेदारी है। हम सब के स्वस्थ जीवन के लिये इस अभियान में हमें कंधे से कन्धा मिलकर भाग लेना चाहिये। इसकी शुरुआत घरों, स्कूलों, कालेजों, समुदायों, कार्यालयों, संस्थानों से हो जिससे कि देश में व्यापक स्तर पर स्वच्छ भारत क्रांति हो। हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरुरत है। टोल प्लाजा के वेल्डीडेटर अरविंद सिंह तोमर ने कहा कि स्वच्छता रखना सिर्फशासन, नगरपालिका या ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक की व्यक्तिगत नैतिक जिम्मेदारी है। हम स्वयं स्वच्छ रहें, अपने परिवेश को स्वच्छ रखें तथा अन्य लोगो को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें। कार्यक्रम अधिकारी राजेश तिवारी ने अभियान के बारे में बताया की टोल प्लाजा कर्मचारियों द्वारा टोल प्लाजा परिसर में श्रमदान किया जिसमें कचरे को निकाला और पॉलीथिन आदि पर्यावरण प्रदूषित चीजो को झाड़ू लगा कर श्रमदान किया। जिसमें लोगों से साफ सफाई के साथ रहने की अपील की। सभी कर्मचारियों ने नारा दिया स्वच्छ रहे स्वस्थ रहें। अभियान में दिलीप, गब्बर मीना,कुलदीप प्रजापत, धीरज वर्मा, मनोज, रोहित तोमर, गिरराज, विक्रांत यादव, दिनेश विश्वकर्मा, आकाश मेवाड़ा, राहुल प्रजापति सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर, भाजपा कांग्रेस व अन्य संगठनों ने किया माल्यार्पण

**सिरोंज।** महात्मा गांधी की जी जयंती पर छतरी नाका स्थित गांधी प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी , कांग्रेस पार्टी के साथ विभिन्न समाजसेवी संगठन ने भी माल्यार्पण करके उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। क्योंकि गांधी जी ने अहिंसा परमो धर्म का नारा देकर देश को आजाद दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । जिसके चलते पूरे विश्व में राष्ट्रपति महात्मा गांधी को याद किया जाता है। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्री चौराहे पर गांधी प्रतिमा पर पहूॅच कर माल्यार्पण कर गांधी जयंती मनाई । इस दौरान गग्नेन्द्र रघुवंषी अषोक यादव महेन्द्र पाल सिंह बघेल भैया भाई आदि लोग उपस्थित रहे ।

## अवैध शराब : 98 क्वाटर लाल के,48 क्वाटर विस्की के जप्त

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

**वैध लायसेन्स के बारे मे पूछा तों नही होना बताया**

पुलिस अधीक्षक विदिशा दीपक कुमार शुक्ला के निर्देषन में एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में थाना सिरोंज में पुलिस की टीम को 98 क्वाटर लाल के एवं 48 क्वाटर विसकी के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बासौदा नाका नहर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से षराब बेच रहा है मुखबिर बताए स्थान बासौदा नाका नहर के पास पहुॅचे तों एक व्यक्ति रोड किनारे खडा था जिसके पास रखी खाकी कलर की 2 पेटी रखी थी जों पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराह स्टॉफव पाच पंचान की मदद से घेरा बंदी कर पकडा नाम पता पूछा तों उसने अपना नाम लख्मीचंद चौकसे पिता कोमल प्रसाद चौकसे उम्र 52साल निवासी लटेरी रोड मधूसूदनगढ जिला गुना हाल बासौदा नाका सिरोंज का होना बताया जिसके पास रखी दो खाकी रंग की पेटी जिसमे पंचान द्धारा के समक्ष चैक किया तों एक पेटी मे 50 क्वाटर एवं दूसरी पेटी में 48क्वाटर जिसपर आबकारी विभाग की सील अंकित है । एवं प्रत्यके क्वाटर 180 मिली कुल 98 क्वाटर कीमत करीब 10780रू की मिली जिससे शराब रखने व लाने ले जाने का बैघ लायसेन्स के बारे मे पूछा तों नही होना बताया ।

## महक समिति ने अस्पताल में बांटे फल



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

गांधी जयंति के उपलक्ष्य पर महक जनकल्याण समिति द्धारा शासकीय राजीव गांधी अस्पताल पहुंचकर वहा भर्ती मरीजों को फल वितरण कर गांधी के आर्दषों पर चलने की बात कही साथ ही गांधी के विचारों पर चलने एवं अजीवन प्रेरणा लेने की बात समिति की संचालिका संजीदा नाज द्धारा कही साथ ही कहा कि बापू ने सत्य मार्ग पर चलने वाले मानव जाति को न सिर्फमानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका भी सिखाया इस अवसर पर ज्योति दुबे,मोहन बाबू जाटव,आमिर खान आदि उपस्थित रहें।

**मेट्रो एंकर** राजीव जैन सैनानी ने कटारे के जन्मदिन पर भेंट की अमनिया

## गरीब बस्तियों में फल व मिठाई वितरण कर धूमधाम से मना राकेश कटारे का जन्मदिन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेष कटारे का जन्मदिन सिरोंज में कांग्रेस द्वारा कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। तो वही गरीब बस्तियों में पहुचकर गरीबों को फल व मिठाईयो का वितरण किया गया। जिला उपभोक्ता कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने प्रातः काल मदन मोहन सरकार के मंदिर में पूजा अर्चना कर सरकार को अमनिया भेट किया। वही अयोध्या बस्ती व अलीगंज सहित अन्य क्षेत्रो में पहुचकर छोटे-छोटे बच्चो को फल व मिठाईयो का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गरेठा में कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अषोक शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि हेमन्त राजपूत,रामबाबू कुर्मी ने हनुमान जी के मंदिर पर पूजा अर्चना कर श्री कटारे की दीर्घ आयु की कामना की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजीव जैन सैनानी ने कहा कि श्री कटारे जब से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने है तब से कांग्रेस कार्यकर्ताओ एक अलग ही उमंग और उत्साह है। उनके नेतृत्व में जिले भर में जो कार्यक्रम किए जा रहें है। वास्तव में वह बधाई के पात्र है हम उनका जन्मदिन पर भगवान से प्रार्थना करते है कि उनके नेतृत्व आने वाले विधान सभा चुनावो में जिले की पांचो सीटे कांग्रेस की झोली में गिरे।

## जलसा ए सीरतुन्नबी का हुआ आयोजन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर के पुराना बस स्टैंड पर जमीयत उलमा ए हिंद के तत्वधान में जलसा ए सीरतुन्नबी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल के नायब शहर काजी मौलाना अली कदर साहब शामिल हुए । साथ ही कार्यक्रम की सरपरस्ती जमीयत उलमा ए हिंद मध्य प्रदेश के नायब सदर मौलाना गाजी वली साहब ने की कार्यक्रम की शुरुवाद कुरान पाक की तिलावत करते हुए हुई। प्रोग्राम को संबोधित करते हुए मौलाना यूसुफ साहब ने कहा जिस जगह दीन की महफिल लगती है अल्लाह रब्बुल इज्जत ऐसी महफिल में बैठने वालों की महफिल खत्म होने से पहले मगफिरत फरमा देते है।

वहीं प्रोग्राम में कारी उजेर अहमद ने गाजी वली अहमद की लिखी नात तुम जैसा हसीन कोई जग में देखा न सुना न कहीं जाना पढ़कर जलसे को नई दिशा देने का काम किया ।

जलसे के मुख्य अतिथि मौलाना अली कदर ने कहा के सिरोंज वालों पर अल्लाह का अलग करम है कि जलसे की महफिलें उनके यहां मुनक्किद होती रहती हैं साथ ही मौलाना ने कहा अल्लाह सिरोंज वालों पर अपने करम बनाए रखे । वहीं बयान करते हुए मौलाना ने कहा कि अक्सर लोगों को कुरान की दस सूरते तो याद हैं और उन्हें याद कराने में भी तबलीग वालों की बड़ी मेहनत है । मौलाना ने कहा कि वो जमाने में मुअज्जज थे मुसलमा होकर । तुम ख्वार हुए तारीखे कुरा होकर। कार्यक्रम का समापन मौलाना गाजी वली अहमद ने दुआ करा की । इस दौरान एडवोकेट शोएब खांन एवं जमीयत के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भारतीय टीम के कप्तान का अच्छा स्कोर बढ़ा रहा विश्व कप जीतने की उम्मीद, टीम के अन्य खिलाड़ी भी फार्म में

# विराट कोहली का कवर ड्राइव होता है देखने लायक, तो रोहित शर्मा हर 5वें पुल शॉट पर लगाते हैं सिक्स

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत के कप्तान रोहित शर्मा 17 हजार से ज्यादा इंटरनेशनल रन बना चुके हैं। इस दौरान पुल शॉट उनका सबसे पसंदीदा शॉट रहा। रोहित अपना हर 5वां छक्का पुल शॉट खेलकर लगाते हैं। दरअसल, पुल शॉट बैटिंग की एक स्किल है। इसमें साइंस भी लागू होता हैं, तो वहीं विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 25 हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं और इनमें से करीब 19 फीसदी रन कवर्स के एरिया में हैं। विराट जब कवर ड्राइव खेलते हैं तो इस ड्राइव पर उनका कंट्रोल 86 फीसदी तक होता है। कवर ड्राइव के वक्त विराट का सिर, कमर और पैर एक लाइन में रहते हैं। इससे उन्हें शॉट के लिए बैलेंस मिलता है। सिर स्टिल रहता है तो गेंद को करीब तक आता देखते हैं। हाई बैकलिफ्ट और डाउन स्विंग के साथ डबल पेंडुलम मोशन में आने से शॉट को पावर मिलती है। रोहित शर्मा पुल शॉट में न्यूटन का एंगुलर मोमेंटम और डबल पेंडुलम लॉ लागू होता है। पुल शॉट खेलते वक्त बैटर की बॉडी में 3 जगह एंगुलर मोमेंटम होता है। पहला पैरों में, जब वह बैक फुट पर जाकर शॉट खेलने की पोजिशन में आता है। दूसरा कमर पर और तीसरा कंधे पर। बॉडी के ये तीनों हिस्से एक दिशा में घूमते हैं। एंगुलर मोमेंटम से एनर्जी मिलती है और 3 एंगुलर मोमेंटम से वो और ज्यादा बढ़ जाती है। इस मोमेंटम से बैटर को 3 फायदे होते हैं। लेग साइड पर शॉट खेलने के लिए बल्ला घुमाने की जगह मिलती है। बैटर गेंद की लाइन में आता है। और बैट-बॉल का कनेक्शन तय हो जाता है।

### भारत के कप्तान रोहित शर्मा की खासियत पुल शॉट

पुल शॉट खेलते वक्त रोहित के पैर, कमर और सिर एक सीधी लाइन में रहते हैं। बॉडी बैलेंस रहती। रोहित की सैकेडिक आई मोमेंट एबिलिटी हाई है। सैकेडिक आई मोमेंट यानी तेजी से आ रहे ऑब्जेक्ट को देखने की क्षमता। रोहित बॉल को नजदीक तक देखते हैं। उन्हें पता रहता है बॉल कहां पिच करेगी। ऐसे बल्लेबाजों के पुल शॉट का सक्सेस रेट 90 फीसदी होता है। एंगुलर मोमेंटम के साथ बैटर को अपनी मसल्स से एनर्जी मिलती है, जो लोअर बॉडी से अपर बॉडी में होते हुए कलाई और फिर बैट तक पहुंचती है। इसे काइनेटिक एनर्जी लिकिंग ऑफ ह्यूमन बॉडी कहते हैं। शॉट खेलते वक्त कंधे से कलाई और बल्ले का निचला हिस्सा डबल पेंडुलम बनाते हैं। पहले पेंडुलम से एनर्जी जनेरेट होती है और दूसरे पेंडुलम से ये बढ़ जाती है. जो बल्ले से टकराते वक्त गेंद में ट्रांसफर होती है। 20 फीट की दूरी से बुलेट थ्रो, सीधा स्टंप्स पर और बल्लेबाज मैदान से बाहर। फील्डिंग की सबसे जरूरी स्किल है बॉल को थ्रो करना।

### कवर ड्राइव पर कोहली का जबरदस्त है कंट्रोल

कवर ड्राइव, क्रिकेट के सबसे खूबसूरत शॉट्स में से एक। और जब ये शॉट विराट कोहली लगाते हैं तो और ज्यादा देखने लायक बन जाता है। क्रिकेट फील्ड में ऑफ साइड पर कवर्स की दिशा में खेले गए शॉट को कवर ड्राइव कहते हैं। कवर ड्राइव में डबल पेंडुलम मोशन और काइनेटिक एनर्जी लिकिंग ऑफ ह्यूमन बॉडी जैसे साइंस के नियम लागू होते हैं। कोहली जब कवर ड्राइव की पोजिशन में आते है तो उनका पिछला पैर, कमर और सिर 45 डिग्री में झुका होता है इससे शॉट खेलने के लिए बैलेंस मिलता है। शॉट की शुरुआत में वो पिछले पैर से जमीन क पर फोर्स लगाता, न्यूटन के एक्शन एंड रिएक्शन लॉ के चलते जमीन भी फोर्स लगाती है और बैटर को शॉट खेलने के लिए मोमेंटम मिलता है। बड़ी मांसपेशियों जैसे पैर, लोअर बॉडी और कंधों की एनर्जी कलाई से बैट में ट्रांसफर होती है और इससे शॉट पावरफुल हो जाता है। कवर ड्राइव के वक्त विराट का सिर, कमर और पैर एक लाइन में रहते हैं। इससे उन्हें शॉट के लिए बैलेंस मिलता है। सिर स्टिल रहता है तो गेंद को करीब तक आता देखते हैं। हाई बैकलिफ्ट और डाउन स्विंग के साथ डबल पेंडुलम मोशन में आने से शॉट को पावर मिलती है।




### कोहली को ब्लाइंड फोल्ड ट्रेनिंग से मिलती है मसल मेमोरी

विराट को जो चीज सबसे अलग करती है, वो है उनकी मसल मेमोरी। विराट आंखों पर पट्टी बांधकर प्रैक्टिस करते हैं। इससे उनकी मसल मेमोरी इतनी स्ट्रॉन्ग हो गई है कि वो आंख बंद करके भी ये कवर ड्राइव खेल सकते हैं। विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 25 हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं और इनमें से करीब 19 फीसदी रन कवर्स के एरिया में हैं। बता दें भारतीय क्रिकेट की दीवार राहुल द्रविड़, हमेशा क्रिकेटिंग शॉट् खेलते थे। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सबसे विश्वसनीय बल्लेबाजों में से एक थे। द्रविड़ का नाम टेस्ट में एक गैर-विकेटकीपर खिलाड़ी द्वारा लिये सबसे ज्यादा कैच का रिकॉर्ड है। वह स्क्वायर कट खेलना ज्यादा पसंद करते थे, लेकिन यह दाएं हाथ का बल्लेबाज जिस प्रकार गेंद को ड्राइव करता था वह शानदार था।

### एशियन गेम्स : यशस्वी ने 48 बॉल पर पहली सेंचुरी पूरी की

## भारत ने मेंस क्रिकेट के सेमीफाइनल में जगह बनाई

**हांगझोउ, एजेंसी**

भारत ने एशियन गेम्स मेंस क्रिकेट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम इंडिया ने मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में नेपाल को 23 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 202 रन बनाए। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन शतक जमाया। उन्होंने 49 गेंदों पर 100 रन की पारी खेली। रिंकू सिंह ने 15 गेंद पर 37 रन बनाए। जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 179 रन ही बना सकी।



**सेमीफाइनल में बांग्लादेश से हो सकती है भिड़ंत:** सेमीफाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश और मलेशिया के बीच होने वाले मैच के विजेता से 6 अक्टूबर को होगा। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को मेंस क्रिकेट इवेंट में सीधा क्वार्टर फाइनल में एंट्री मिली है। वहीं, नेपाल की टीम ग्रुप स्टेज में मंगोलिया और मालदीप को हराकर अंतिम-8 में पहुंची थी।

**नेपाल की पारी:** टारगेट का पीछा करते हुए नेपाल की टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी। नेपाल के लिए सबसे ज्यादा रन दीपेंद्र सिंह ऐरी ने बनाए। उन्होंने 15 बॉल पर 32 रन की पारी खेली। उनके अलावा संदीप जोरा और कुशल मल्ला ने 29-29 रन का योगदान दिया। कुशल भुर्तेल 28 रन बनाए। एशियम गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम यंगस्टर्स से सजी हुई है। युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ कप्तान हैं। ढ्ढक्क में शानदार प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और आकाश दीप को भी टीम में जगह दी गई है।

**नेपाल ने बड़ी जीत हासिल की थी:** नेपाल ने पहले मैच में मंगोलिया को 273 रनों से हराकर टी20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इसी मैच में नेपाल के दीपेंद्र सिंह ने सबसे तेज हाफ सेंचुरी का रिकॉर्ड भी बनाया। दूसरे मैच में नेपाल ने मालदीव को 138 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल और कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने भारतीय टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोंनों ने 59 बॉल पर 103 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप को दीपेंद्र सिंह ऐरी ने गायकवाड़ को आउट करके तोड़ा। भारत के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टी-20 करियर की पहली सेंचुरी जमाई। उन्होंने 48 बॉल पर सेंचुरी पूरी की। जायसवाल 49 बॉल पर 100 रन बनाकर आउट हुए। नेपाल का पहला विकेट आशिफ का गिरा। जिन्होंने विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। दूसरा कुशल भुर्तेल- 28 रन- 9वें ओवर की पांचवीं बॉल पर साई किशोर ने आवेश खान के हाथों कैच कराया। तीसरा - कुशल मल्ला- 29 रन- 11वें ओवर की चौथी बॉल पर कुशल मल्ला ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन लॉन्ग ऑन में रिंकू सिंह को कैच थमा बैठे।

## अर्जुन-सुनील की जोड़ी ने जीता कांस्य, आर्चरी में एक और गोल्ड मिला

**हांगझोउ, एजेंसी**

19वें एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी है। गेम्स के 10वें दिन भारत ने ब्रॉन्ज के साथ दिन का आगाज किया। भारत के लिए 1000 मीटर कैनो स्प्रिंट में अर्जुन सिंह और सुनील सलाम ने 3 मिनट 53.329 सेकेंड्स में रेस पूरी कर मेडल अपने नाम किया। विमेंस आर्चरी कंपाउंड में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भारत की अदिति गोपीचंद को सेमीफाइनल में हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरी ओर मेंस कंपाउंड इवेंट में ओजस प्रवीण देवतले ने सेमीफाइनल में साउथ कोरिया के यांग जेवॉन को हरा कर फाइनल में जगह बनाई। गोल्ड के लिए उनका मुकाबला भारत के ही अभिषेक वर्मा से होगा, जिन्होंने साउथ कोरिया के जू जाहून को सेमीफाइनल में हराया। इसी के साथ भारत का एक गोल्ड और दो सिल्वर मेडल पक्के हो गए है।




**कैनो-** भारत को दिन का पहला ब्रॉन्ज कैनो यानी डोंगी नाव की रेस में भारत ने दिन का पहला मेडल जीता। 1000 मीटर कैनो इवेंट में भारत के अर्जुन सिंह और सुनील सलाम ने 3 मिनट 53.329 सेकेंड्स में रेस फिनिश कर ब्रॉन्ज दिलाया। पहले नंबर पर उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने 3 मिनट 43.796 सेकेंड्स में रेस पूरी कर गोल्ड जीता। दूसरे नंबर पर कजाकिस्तानी पेयर रहा। वहीं मेंस सिंगल्स में एच एस प्रणय ने 25 मिनट में सीधे गेम में डील पक्की कर ली। उन्होंनी मंगोलिया के मुंखबत को राउंड ऑफ 32 में 9-21, 12-21 से हराया। दूसरी ओर विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 32 में पीवी सिंधु ने चीनी ताइपे की सू वेन-ची को सीधे गेम में 21-10, 21-15 से हराया। हॉकी में मेंस के बाद विमेंस टीम भी सेमीफाइनल में पहुंची। विमेंस टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 13-0 से हराया। दीप ग्रेस एक्का, दीपिका और वंदना कटारिया ने 3-3 गोल दागे।



## मेट्रो बाजार

## फेस्टिव सीजन के पहले गाड़ियों की सेल में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी**

देश के बड़े कार मैन्युफैक्चरर्स ने सितंबर 2023 के सेल्स आंकड़े जारी किए हैं। सालाना आधार पर मारुति सुजुकी की सेल्स में 3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि उसके मिनी कॉम्पैक्ट सेगमेंट की सेल में 22.5त्न की गिरावट आई है। इसके अलावा हुंडई मोटर की सेल्स में 13 फीसदीऔर महिंद्रा एंड महिंद्रा की सेल्स में 20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। टोयोटा ने भी सितंबर में 23,590 कारें बेचकर सालाना आधार पर 53 फीसदी की रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की है। मारुति सुजुकी ने सितंबर महीने में 181,343 कारें बेची है। इसमें से 1,58,832 कारें डोमेस्टिक मार्केट में, जबकि 22,511 कारें एक्सपोर्ट की है। टाटा मोटर्स ने सितंबर में 82,023 व्हीकल्स बेची है। पिछले साल के सितंबर के मुकाबले इसमें 2त्न की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने इस साल सितंबर में 71,641 कारें बेची है। फेस्टिव सीजन और एक्सपोर्ट बढ़ने से कारों की सेल में बढ़ोतरी हुई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की सेल्स लगातार तीसरे महीने बढ़ी है। महिंद्रा ने सितंबर में 41,267 पैसेंजर व्हीकल्स बेचे हैं। वहीं ट्रैक्टर सेल्स में 11 फीसदी की गिरावट रही है। टोयोटा ने सितंबर में अपनी अब तक की सबसे ज्यादा सेल्स का रिकॉर्ड बनाया है। इस दौरान कंपनी ने 23,590 कारें बेची। सितंबर 2022 में 15,378 गाड़ियां बेची थी। आयशर मोटर्स की कॉमर्शियल व्हीकल सेल सितंबर में 7,198 यूनिट रही है। सालाना आधार पर बिक्री 8.6 फीसदी बढ़ी है। वहीं इसके रॉयल एनफील्ड सेल्स में 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।




## 2030 तक जगुआर भारत में 8 इवी लॉन्च करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स की स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर भारत में साल 2030 तक 8 इलेक्ट्रिक व्हीकल लॉन्च करेगी। कंपनी के एक सीनियर एग्जीक्यूटिव ने इसके बारे में जानकारी दी है। वर्तमान में कंपनी देश में एक ईवी जगुआर आई-पेस बेचती है। चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर लेनार्ड होर्निक के कहा, %कंपनी रेंज रोवर ईवी के लिए अगले साल से ऑर्डर लेना शुरू कर देगी, जिसकी डिलीवरी 2025 में शुरू होगी। हम दशक के अंत तक भारत में कम से कम 8 बैटरी वाली ईवी पेश करने की योजना बना रहे हैं।% होर्निक ने कहा कि जब इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में ट्रांजिशन की बात आती है तो देश सही दिशा में है। उन्होंने कहा कि देश में इलेक्ट्रिक कारों के एडॉप्टेशन को प्रोत्साहित करने के लिए शुरुआती चरण में सब्सिडी, सही चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और एक अच्छा प्रोडक्ट जरूरी है। होर्निक से पूछा गया कि क्या भारत में भी सब्सिडी श्वङ्क सेल्स की बढ़ोतरी में मदद कर सकती है? उन्होंने जवाब देते हुए कहा, मुझे लगता है कि परिवर्तन को शुरू करने के लिए सब्सिडी बहुत जरूरी है। अफोर्डेबिलिटी ईवी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रमुख फैक्टर है। दुनिया भर की सरकारें भी सब्सिडी से ईवी को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। लेनार्ड होर्निक ने देश में कंपनी का क्या रोडमैप है इसके बारे में भी बताया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी

## 'अच्छे काम का भूखा था'




पंकज त्रिपाठी पिछले कुछ समय से बैक टु बैक फिल्मों की शूटिंग करके थक चुके हैं। इस बात का जिक्र उन्होंने न्यूज एजेंसी क्क्षढ्ढ को दिए एक इंटरव्यू में किया है। उन्होंने ये भी कहा है कि अब वो ज्यादा फिल्मों में काम नहीं करेंगे। पंकज त्रिपाठी बोले, मैंने अब कम फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया है क्योंकि मैं थक चुका हूं। कई बार तो मेरे साथ ऐसा हुआ कि मुझे याद ही नहीं रहा कि मैंने कोई शॉट कब दिया, कब क्या हुआ और वो शॉट कौन सी फिल्म के लिए था। ये बहुत ही खराब सिचुएशन थी। आप 340 दिन एक्टिंग नहीं कर सकते और मैं वही कर रहा था। अब मैं ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहता। ज्यादा काम करने की वजह बताते हुए पंकज त्रिपाठी बोले, मुझे वो कहानियां पसंद आई थी इसलिए मैं अब तक कई फिल्मों का हिस्सा बना। दिक्कत ये है कि जब आपको भूख लगती है तो आप जरूरत से ज्यादा खा लेते हो।

### फिलहाल फुकरे-3 में आ रहे नजर

पंकज त्रिपाठी हाल ही में 28 सितंबर को रिलीज हुई फिल्म फुकरे 3 में नजर आए हैं। इससे पहले उन्हें अक्षय कुमार के साथ फिल्म ह्रस्त्र 2 में देखा गया। इस साल वो दो फिल्मों में नजर आ चुके हैं और अब दिसंबर में उनकी एक और फिल्म रिलीज होगी। इस फिल्म का नाम मैं अटल हूं है जिसमें वो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के रोल में नजर आएंगे। फिल्म का फर्स्ट लुक कुछ महीनों पहले सामने आया था जिसमें पंकज त्रिपाठी अटल बिहारी वाजपेयी के गेटअप में बिलकुल उनकी तरह नजर आ रहे थे। इसके डायरेक्टर रवि जाधव हैं जिन्हें नटरंग और बालगंधर्व जैसी नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा पंकज मेट्रो इन दिनों, स्त्री 2 जैसी फिल्मों में भी दिखेंगे।

## मलाइका व अर्जुन कपूर डिनर डेट पर निकले



फिल्म इंडस्ट्री के बेहद चर्चित कपल मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर एक साथ दिखे। बांद्रा के रेस्टोरेंट से बाहर निकलते वक्तदोनों साथ में नजर आए। दोनों कैजुअल लुक में दिखाई दिए। कुछ दिन पहले दोनों की ब्रेकअप की अफवाहें उड़ी थीं। अर्जुन और मलाइका ने क्लियर मैसेज दे दिया है कि उनके बीच सब कुछ ठीक है। मलाइका ने ब्लू डेनिम के ऊपर ब्लैक कलर का टॉप पहना था। उन्होंने मिनमल मेक-उप के साथ एक चोटी बनाई हुई थी। अर्जुन कपूर ने ब्लैक पैंट के साथ ग्रे कलर की लूज फुल स्लीव टी-शर्ट पहनी हुई थी। उन्होंने ओवरसाइज्ड चश्मे लगाए थे। एक चोटी बनाकर अर्जुन ने अपने लुक को कम्पलीट किया।

## स्टार्स चेहरा छिपाते हैं तो बचकाना लगता है- शाहरुख



जवान सक्सेस के बीच शाहरुख खान का एक पुराना इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें वो प्राइवेसी पर बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सालों कड़ी मेहनत कर पहचान बनाने के बात अब उनकी कोई प्राइवेसी नहीं बची है और वो चाहते हैं कि हजारों लोग उनका नाम चिल्लाएं और लड़कियां, बच्चे दीवागनी में उनके कपड़े फाड़ दें। हालांकि इसी स्टेटमेंट पर कई लोगों ने उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं। साल 2017 में शाहरुख खान इंडिया टुडे कॉन्क्लेव का हिस्सा बने थे। सवाल-जवाब के सेशन में एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा था कि क्या वो अपनी प्राइवेसी वापस चाहते हैं? जवाब में शाहरुख ने कहा था, नहीं, बिल्कुल भी नहीं। आगे शाहरुख ने कहा था, मैं जब भी देखता हूं कि स्टार्स डार्क सनग्लासेस से अपने चेहरे छिपा रहे हैं तो मुझे ये बहुत बचकाना लगता है। मुझे लगता है कि मैं पहचाना जाना चाहता हूं। मेरी कोई प्राइवेसी नहीं है। मैं जाना पहचाना बनना चाहता हूं। मैं डिस्टर्ब होना चाहता हूं। मैं ज्यादा-से-ज्यादा सालों तक ज्यादा-से-ज्यादा लोगों द्वारा परेशान किया जाना चाहता हूं।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022